CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

12.2

जिनमूर्ति-प्रशस्ति लेख

36772

कमल कुमार जैन

श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर
छतरपुर (म० प्र०)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या.................. प्राप्ति-संख्या.....................

ग्रन्थ-कार्ड

श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान

ग्रन्थागार

नरिया, वाराणसी-५

ग्रन्थ नाम जिनमूर्ति प्रशस्ति लेख

लेखक कमल कुमार जैन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust eGangotri

पुस्तकालय श्री गणेश वर्णी दि. जैन
संस्थान - सादर भेंट
फूलचन्द्र शास्त्री
६/९/८३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिनमूर्ति-प्रशस्ति लेख

प्रस्तावना

सिद्धान्ताचार्य श्रीमान् पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री

वाराणसी

संकलयिता एवं सम्पादक

कमलकुमार जैन, एम. ए. शास्त्री

द्रोणगिरि, छतरपुर (म० प्र०)

प्रकाशक

श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर, छतरपुर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिनमूर्ति प्रशस्ति लेख

© प्रकाशक

व्यवस्थापक
श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर छतरपुर (म० प्र०)

प्रथमावृत्ति : १००० प्रतियाँ
वी० नि० सं० २५०८ सन् १९८२

मूल्य : ४.५०

मुद्रक
तारा प्रिंटिंग वर्क्स, वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकाशकीय

छतरपुर नगर में जिनालय एवं उनमें स्थापित जिनविम्ब समवसरण पर्याप्त संख्या में हैं। इन जिनालयों में वि. सं. १०२५ से १९९६ तक की प्रतिष्ठित मूर्तियां हैं। मूर्तियों की पादपीठ पर अंकित लेख महत्त्वपूर्ण है। इन प्रशस्ति लेखों को श्री प० कमल कुमार जी जैन एम. ए. शास्त्री ने जो स्थानीय समाजके मंत्री हैं तथा इस प्रकार के लेखों के संकलन में रुचि रखते हैं, आज से लगभग १० वर्ष पूर्व संकलित किया था। ये मूर्ति प्रशस्ति लेख प्रकाशन की प्रतीक्षा में थे। एक बार मुझसे भी इन मूर्ति प्रशस्ति लेखों के प्रकाशन की बात इसलिए की गई, क्योंकि इसमें श्री दिगम्बर जैन वड़ा मन्दिर की मूर्ति प्रशस्तियाँ अधिक हैं तथा आर्थिक दृष्टि से भी मन्दिर की स्थिति अच्छी है। मन्दिर व्यवस्थापक के नाते इस कार्य को उपयोगी, महत्त्वपूर्ण, मन्दिर की गतिविधियों के अनुकूल एवं मन्दिर से ही सम्वन्धित कार्य समझकर तथा पंचायती मन्दिर होने के नाते इसके प्रकाशन का सर्व प्रथम उत्तरदायित्व होने के कारण मैंने प्रकाशन की बात सोची, क्योंकि मन्दिरों का जीर्णोद्धार निर्माण जितना महत्त्वपूर्ण कार्य है उससे जैन धर्म संस्कृति और इतिहास को सुरक्षित रखनेवाले साहित्य के प्रकाशन का कार्य कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। यही कारण है कि श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र महावीर जी प्रतिवर्ष जैन साहित्य इतिहास के प्रकाशन में लाखों रुपया व्यय करता है। जिसका अन्य तीर्थ क्षेत्रों को अनुकरण करना चाहिए। वास्तव में हमारा धर्म तो इस प्रकार के साहित्य सृजन से ही सुरक्षित रह सकेगा। इस उद्देश्य से मैंने इस प्रकाशन को श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से प्रकाशित करने की स्वीकृति दी। प्रकाशन के विषय में जब श्री पं० कमलकुमार जी के साथ अन्य विद्वानों से विशेषत: जैन सिद्धान्त के मनीषी विद्वान् मानवीय पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री वाराणसी से मेरी चर्चा हुई तो उन्होंने कहा "ये तो अपनी संस्कृति और इतिहास की धरोहर है, इससे धर्म का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विशेष गौरव बढ़ेगा। इसके प्रकाशन का निर्णय आपका प्रशसनीय कार्य है। मेरे विचार से तो दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्रों, मन्दिरों के संरक्षण के लिए और वर्तमान समय में जब कि दिगम्बरों श्वेताम्बरों के तीर्थ क्षेत्रों और मन्दिरों को लेकर झगड़े उठ रहे हैं ऐसी परिस्थिति में तो अपने इन मूर्ति लेखों में प्रमाण के आधार पर ही अपने तीर्थ क्षेत्रों, मन्दिरों को सुरक्षित बचाया जा सकता है। इससे सभी दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्रों और मन्दिरों के मूर्ति लेख तो शीघ्र प्रकाशित किये ही जाने चाहिए। छतरपुर के जिनालयों के मूर्ति प्रशस्ति लेख प्रकाशित करने का आपका निर्णय बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसके लिए श्री पं० कमल कुमार जी तो बधाई के पात्र हैं ही, आप भी बधाई के पात्र इसलिए हैं कि इस उपयोगी कार्य को हर कोई व्यक्ति न तो समझ सकता है और न कर ही सकता हैं। मन्दिरों व अपने द्रव्य को ईंट, चूना, सीमेन्ट में लगाना तो सभी जानते हैं, परन्तु इसके साथ ही जैन साहित्य के प्रकाशन और संरक्षण में भी जिसकी रुचि हो वही वास्तविक रूप से सही मायने में मन्दिर का व्यवस्थापक हो सकता है।" पूज्य पं० जी की उक्त प्रेरणा से ही जिन मूर्ति प्रशस्ति लेख का प्रकाशन श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से कर रहा हूँ।

छतरपुर के जिनालयों में हस्तलिखित शास्त्रों का भण्डार है। इस उपयोगी प्रकाशन के पश्चात् समाज का सहयोग मिलने पर सूची प्रकाशित करने का विचार है।

आशा है कि इस महत्वपूर्ण प्रकाशन से अन्य स्थानों की समाज को प्रेरणा मिलेगी और पं० जी की भावना के अनुकूल अपने अपने मन्दिरों के मूर्ति प्रशस्ति लेखों को प्रकाश में लाने का प्रयास होगा। मैं इस प्रकाशन के लिए श्री पं० कमलकुमार जी का तो आभारी हूँ ही, माननीय पं० जी का भी बहुत आभारी हूँ जिनकी प्रेरणा से इस उपयोगी कार्य को करने लायक मैं बन पाया। प्रकाशन में सहयोग के लिए अपने सहयोगी श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर व्यवस्था समिति के सभी सदस्यों का भी मैं आभारी हूँ।

ज्ञानचन्द्र जैन
व्यवस्थापक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहां क्या है

नाम	पृष्ठ
१. प्रस्तावना	१-४५
२. अपनी बात	१-६
३. जैन इतिहास संस्कृति के स्रोत मूर्ति लेख	७-१२
४. छतरपुर के जिनालय	१३-२५
५. प्रशस्ति लेख	२६-७८
i. श्री दिगम्बर जैन बड़ामन्दिर	२६-४७
ii. श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (चौधरी)	४८-५९
iii. श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (जोधाबाई)	५९-६२
iv. श्री दिगम्बर जैन नया मन्दिर	६३-६६
v. श्री दिगम्बर जैन पार्श्व नाथ मन्दिर	६६-६७
vi. श्री दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र डेरापहाड़ी	६७-६७
vii. श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर यंत्र	६८-७५
viii. श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (चौधरी) यंत्र	७५-७६
ix. श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (जोघावाई) यंत्र	७६-७७
x. श्री दिगवम्र जैन नया मन्दिर	७७-७८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रस्तावना

इतिहास, पुरातत्त्व और साहित्य ये तीन किसी भी संस्कृति के चिरकालीन जीवन के जानने के और उसकी भविष्य की दृष्टि से सुरक्षा करने के उपायभूत साधन हैं। जिस संकृति के अनुयायी अतीत में इनके निर्माण के साथ उनकी सम्हाल करते रहे हैं और वर्तमान में भविष्य की दृष्टि से उनकी सार सम्हाल करते रहते हैं, वह संस्कृति गंगा नदी के प्रवाह के समान चिरकाल तक प्रवाहित होती रहती है। अन्यथा वह नामशेष हो जाती है।

ये तीनों उसके अभिन्न अंग हैं। इनमें से किसी एक के लुप्त होने पर शेष दो का महत्त्व अपने आप गिर जाता है। यहाँ अन्य संस्कृतियों की वात तो छोड़िये, जैन संस्कृति के समग्र जीवन पर दृष्टिपात करने पर आसानी से यह तथ्य समझा जा सकता है।

साधारणतः विश्व की समग्र संस्कृतियों को मूल में दो भागों में विभक्त किया जा सकता है—एक परावलम्बनप्रधान संस्कृति और दूसरी व्यक्ति स्वातन्त्र्य की प्राण प्रतिष्ठापक स्वावलम्बनप्रधान संस्कृति। जैन संस्कृति, जो कि श्रवण संस्कृति का प्रमुख रूप से प्रतिनिधित्व करती है, इस दूसरी संस्कृति का ही मूल रूप है।

१. संस्कृति का प्रधान लक्ष्य—

पुराणों पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि कर्मभूमि के प्रारम्भ काल में ही आदि ब्रह्मा तीर्थंकर ऋषभदेव ने जीवाजीवादि के भेदों को जान कर अपने काल में इसकी सर्वप्रथम प्राणप्रतिष्ठा की थी। इसके वाद और भी क्रम से अजितनाथ आदि २३ तीर्थंकर हुए

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं जो आत्मसंशोधन का प्रधान साधन जानकर उसे प्रतिष्ठित करते आये हैं। जहाँ तक पुराणों से पता लगता है, अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर के काल तक तो वह अपने मूलरूप में ही प्रवाहित होती रही हैं। किन्तु उनके मुक्तिलाभ करने के बाद उसमें जो क्रमिक ह्रास होना प्रारम्भ हुआ उसका कहाँ अन्त होगा यह कहना बहुत ही कठिन है। फिर भी प्राचीन साहित्य पर दृष्टिपात करने से इतना तो निश्चित रूप से ही कहा जा सकता है कि सर्वप्रथम इसके अनुयायी ही इसकी विकृति के मुख्य साधन बने हैं।

यह तो हम पहले ही संकेत कर आये हैं कि जिसे हम जैन संस्कृति के नाम से जानते हैं वह अपने स्वावलम्बन प्रधान दर्शन के कारण व्यक्ति स्वातन्त्र्य की प्राणप्रतिष्ठा करनेवाली संस्कृति है। उसके अनुसार लोक में जड़ और चेतन जितने भी द्रव्य या पदार्थ हैं वे स्वयं ही आप कर्ता बनकर अपने पर्याय से पर्यायान्तररूप जीवन में प्रवाहित होते रहते हैं। यह उनका स्वाभाविक जीवन है। जो उनमें से जीवों और पुद्‌लों में विकृति दिखाई देती है उसका मूल कारण परमार्थ से उन पदार्थों की परावलम्बन प्रधान वृत्ति ही है। इसलिये जीवकी इस परावलम्बन प्रधान वृत्ति का उच्छेद करना ही इस संस्कृति का प्रधान लक्ष्य है। प्रत्येक काल में इसी अर्थ में इसकी सफलता मानी गई है।

यहाँ इतना विशेष ज्ञातव्य है कि लोक में जितने भी पदार्थ हैं उनमें से जीव और पुद्‌गल ये दो ही ऐसे दो जाति के पदार्थ हैं जो स्वयं अनादि से परावलम्बन प्रधान वृत्ति को प्राप्त हुए हैं और होते रहते हैं। उनमें से पुद्‌गलों का तो ऐसा स्वभाव ही है कि स्वयं ही अपने स्निग्ध-रूक्ष गुण की हीनाधिकता के कारण दूसरे पुद्‌गलों के साथ संयुक्त और वियुक्त होते रहते हैं। किन्तु जीवों की स्थिति इनसे सर्वथा भिन्न है। उनका त्रिकाली मूल स्वभाव न तो बन्धका ही कारण है और न मुक्ति का ही कारण है। जैसे पुद्‌गलों की हीनाधिकरूप स्निग्ध-रूक्ष गुण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाली स्वभाव पर्याय भी बन्धका कारण बनती है और उसी जाति की विभाव पर्याय भी उसका कारण बनती है। वह स्थिति जीवों की नहीं है। आगे प्रयोजनीय जानकर इसे ही विशेष रूप से स्पष्ट किया जाता है। यथा—

२. जीवों के भेद और उनके कारण—

जीव दो प्रकार के हैं—संसारी और मुक्त। जो अनादि से स्वयं परावलम्बनरूप वृत्ति को स्वीकार कर चारों गतियों में परिभ्रमण करते हुए संसार की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं वे संसारी जीव हैं और जो बुद्धि पूर्वक परावलम्बन प्रधान वृत्ति से क्रमशः छुटकारा पाकर अपने व्यक्ति स्वातन्त्र्य की प्राण प्रतिष्ठा करने में सफल हुए हैं वे मुक्त जीव हैं। इससे हम जानते हैं कि स्वयं स्वीकार की गई परावलम्बन-रूप वृत्ति के कारण इस जीव के अपने जीवन में अज्ञान और राग-द्वेष का संचार होता है तथा वही अपना विभाव परिणाम स्वरूपातिरिक्त परपदार्थों से आत्मा को युक्त करता है, परपदार्थ नहीं। इसलिये अपने में व्यक्ति स्वातन्त्र्य की प्राणप्रतिष्ठा करने के लिये जहाँ अज्ञान (मिथ्यात्त्व) और राग-द्वेष से मुक्त होना प्रधान कर्तव्य है वहाँ उनके उपजीवी (निमित्तभूत) परपदार्थों का क्रमशः हापन करते हुए शरीरा-तिरिक्त बुद्धि पूर्वक स्वीकार किये गये उन सबका त्याग करना भी आवश्यक है। तात्पर्य यह है कि जैसे वस्त्रादि पदार्थों का बुद्धि-पूर्वक त्याग किया जा सकता है वैसे बुद्धिपूर्वक शरीर का त्याग करना सम्भव नहीं है। अतः आत्मसाधना का इच्छुक पुरुष शरीर में ममत्वरूप मूर्च्छा का त्याग करता है और वस्त्र आदि पर पदार्थों को बुद्धि पूर्वक त्यागता है। जब तक इनका एकदेश त्याग होता है तब तक उसे गृहस्थ कहते हैं और जब वह उनसे पूरी तरह विरत होकर और स्वावलम्बन के प्रतीक स्वरूप श्रमण दीक्षा को स्वीकार कर आत्म-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साधना को ही अपना प्रधान कर्त्तव्य बना लेता है तब उसे श्रमण नाम से अभिहित किया जाता है। यह जैन धर्म का मूल रूप है।

३. श्रमणों के दो भागों में विभक्त होने का कारण

किन्तु श्रमण भगवान् महावीर के मुक्ति लाभ करने के वाद श्रुतकेवली भद्रवाहु के काल में मगध में अकाल के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई कि यशलोभी श्रावकों की प्रेरणा पाकर श्रमण संघ निर्ग्रन्थ और सग्रन्थ के भेद से दो भागों में विभक्त हो गया। निर्ग्रन्थ संघ तो मूलरूप में यथावत् बना रहा, उसमें आचार की दृष्टि से यथा सम्भव किसी प्रकार की विकृति नहीं आई। किन्तु वर्तमान में श्वेताम्वर नाम से अभिहित किये जानेवाले दूसरे संघ में न केवल धीरे-धीरे पूर्णरूप से वस्त्र को ही स्वीकार कर लिया, अपि तु आहार आदि की सुविधा के लिये पात्र, ओघा और आत्मरक्षा की दृष्टि से लाठी रखना भी प्रारम्भ कर दिया।

४. आगमों के संकलन में भेद का कारण

कुछ काल तक तो यही स्थिति बनी रही। किन्तु उत्तर काल में आगम परिपाटी क्रम को ध्यान में रखकर गुरु पर्व क्रम से वाचना द्वारा नदी श्रोत के समान प्रवाहित होनेवाले गुरुपरम्परा से प्राप्त आगम को समर्थ आचार्यों द्वारा पुस्तकारूढ़ होता हुआ देखकर श्वेताम्वर संघ में एक प्रकार की खलवली मच गई। अतः उस आम्नाय के पोशक आचार्यों ने तीर्थंकर महावीर के लगभग एक हजार वर्ष वाद अंगों के पुराने नामों का लाभ उठाकर ११ अंगों का संकलन कर लिया और उनमें अपनी आम्नाय के अनुसार आचार-विचारों में परिवर्तन कर उन्हें पुराने नामों से लिपिवद्ध कर दिया।

५. पुरातत्त्व आदि का बुद्धि पूर्वक श्वेताम्बरीकरण

यह वस्तु स्थिति है। इसके वाद पुरातत्त्व, साहित्य और इतिहास में जो विकृति प्रारम्भ हुई वह इस काल में भी बराबर चालू है। हमने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्वेताम्बर आम्नाय के मन्दिरों में ऐसे जिनविम्बों को देखा है जिनके पाद पीठ पर मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय अंकित है पर उनका श्वेताम्बरीकरण करके उनमें कृत्रिम चक्षु जड़ दिये गये हैं। जो दिगम्बर आम्नायके ग्रन्थ है उन्हें श्वेताम्बर घोषित किया जा रहा है। उदाहरणार्थ कसायपाहुड को ही लें। यह मूलतः दिगम्बर परम्परा सम्मत ग्रन्थ है। उसमें लिपिवद्ध प्रमेय भी दिगम्बर परम्परा सम्मत है और उसकी भाषा भी सौरसेनी प्राकृत है। दूसरी जिस प्राकृत भाषा में श्वेताम्बर साहित्य की रचना हुई है वह न तो इसकी भाषा ही है और न ही उसकी प्रतिपादनशैली भी वह है। फिर भी बुद्धिपूर्वक ऐसे साहित्य का निर्माण कराया जा रहा है जिससे उत्तर काल में उसको विवाद का विषय वनाया जा सके।

६. दिगम्बर, तीर्थ, साहित्य व पुरातत्त्व

दिगम्बर परम्परा के समग्र तीर्थस्थान पूरे भारत वर्ष में फैले हुए हैं। उनका दिगम्बरपना कैसे नामशेष हो जाय इस दिशा में भी श्वेताम्बर समाज का योजनावद्ध प्रयत्न चालू है। उदाहरण स्वरूप अन्तरीक्ष पार्श्वनाथ क्षेत्र और कुम्भोज बाहुवली क्षेत्र लिये जा सकते हैं। वहाँ के मन्दिरों के मूर्तिलेखों और शिलापट्ट लेखों पर दृष्टिपात करने से तथा प्राचीन दिगम्बर मूर्तियों को देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि ये मूलतः दिगम्बर क्षेत्र हैं, फिर भी श्वेताम्बरों के द्वारा इन क्षेत्रों का श्वेताम्बरीकरण करने के लिये लाखों रुपया पानी की तरह वहाया जा रहा है। केवल इन दो क्षेत्रों पर ही यह अतिक्रमण चालू हो यह बात नहीं है। और भी सम्मेदाचल आदि ऐसे क्षेत्र हैं जो इस समाज द्वारा कोपभाजन वने हुए हैं।

इस प्रकार जो विकृति दिगम्बर साहित्य और पुरातत्त्व में की जा रही है, इतिहास का भी वही हाल है। बुद्धिपूर्वक ऐसा प्रयत्न चालू है कि दिगम्बर परम्परा का षट्खण्डागम, समयसार आदि जितना भी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राचीन साहित्य है उसे भी श्वेताम्बर साहित्य की अपेक्षा अर्वाचीन सिद्ध किया जाय। कहीं भाषा का नाम लेकर और कहीं दूसरे तर्कों का आश्रय लेकर उस समाज के द्वारा यह प्रयत्न चालू है। इस प्रकार हम देखते हैं कि धीरे-धीरे मूल परम्परा का लोप करने के लिये उसका न केवल पुरातत्त्व वदला जा रहा है, अपि तु उसके साहित्य और इतिहास पर भी प्रहार चालू है। फिर भी हम सो रहे हैं। हमें पुराने की फिकर नहीं, नये निर्माण में लगे हुए हैं।

७. दिगम्बर परम्परा की वर्तमान स्थिति

यद्यपि दिगम्बर समाज धर्म के नाम पर विपुल द्रव्य व्यय करता है, पर उसका ठीक दिशा में उपयोग नहीं हो पा रहा है। जो मुनि या आचार्य हैं उन्हें अपनी प्रतिष्ठा की चिन्ता है। वे यत्र-तत्र नये मन्दिरों का तो निर्माण करा रहे हैं, उनमें अपनी कल्पित अनेक उपाधियों को लगा कर प्रशस्तिलेखों के साथ नये जिन विम्बों को भी स्थापित करा रहे हैं। पर अपने पुराने वैभव की उन्हें चिन्ता नहीं। और जो पण्डित जन हैं वे पराश्रित हैं, वर्तमान समाज का जीवन ही उनकी आवाज है, आगम उनका स्वयं का कोई जीवन नहीं। कतिपय ऐसे विद्वान् अवश्य हैं जिनकी आवाज सुनी जा सकती है, पर मुनि-आचार्यों के समान उनके सामने भी आत्मप्रतिष्ठा और स्वयं की कीर्ति मुख्य है। आत्मप्रतिष्ठा और आत्मकीर्ति ये ऐसे रोग हैं जो दिगम्बर परम्परा को घुन की तरह खोखला कर रहे हैं।

८. जातिवाद

जातिवाद एक बुराई है। हमारा धर्म और तत्त्वज्ञान मुनि और श्रावक किसी को भी इसके परवश होनेकी आज्ञा नहीं देता। यद्यपि देश-काल परिस्थितिवश सामाजिक दृष्टि से मध्य काल में हमने उसे स्वीकार भले ही कर लिया था, फिर भी हमारे पूर्वजों ने धर्मक्षेत्र पर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उसकी अशुभ छाया नहीं पड़ने दी थी। पर आज ऐसा कोई धर्म-स्थान, धर्मगुरु और पण्डित नहीं है जिसे राहु की तरह इसने न ग्रस लिया हो।

९. दिशाहीन दृष्टि बदलना जरूरी है

यद्यपि दिगम्बर परम्परा की वर्तमान काल में ऐसी शोचनीय स्थिति वनी हुई अवश्य है। फिर भी हम निराशावादी नहीं हैं। संगठित प्रयत्न करने पर इस स्थिति से त्राण पायो जा सकता है। उसके लिये हमें वर्तमान समय में दिशाहीन दृष्टि को बदल कर उन साधनों का उपयोग करना होगा जिनका सहारा लेने से सत्य स्थिति के प्ररूपक प्रमाणों को विद्वज्जन और आम जनता तक पहुँचा कर कपोल कल्पित असत्य को परास्त किया जा सकता है। वस्तुतः देखा जाय तो हम इस मामले में अपने निकट के दूसरे समाज की अपेक्षा वहुत ही पीछे रह गये हैं। न तो हमारा समग्र इतिहास ही प्रकाश में आया है और न साहित्य ही प्रकाशमें आया है। कुछ प्रयत्न अवश्य हुआ है, पर वह नहीं के बराबर है। असंख्य जिन मन्दिरों में जो शिलालेख जिन प्रतिमालेख यन्त्रलेख और वहाँ स्थित ग्रन्थागारों में हस्तलिखित शास्त्रों के अन्त में पाये जाने वाले प्रशस्ति लेख और पुरातन साहित्य किसी प्रकार जो भी अभी शेष बच गये हैं, जिनके माध्यम से दिगम्बर परम्परा के मध्यकालीन समग्र इतिहास आदि पर प्रकाश पड़ना सम्भव है, उनका संकलन होकर उन्हें प्रकाशित करने कराने की बड़ी आवश्यकता है। इससे जैन समाज में प्रचलित जातियों के इतिहास पर तो प्रकाश पड़ेगा ही। साथ ही उस काल में होनेवाले आचार्यों, मुनियों, आर्यिकाओं, क्षुल्लकों, भट्टारकों, पण्डितों और गृहस्थों के इतिहास पर भी प्रकाश पड़ेगा। इतना ही नहीं, किन्तु इससे इस परम्परा के साहित्य और पुरातत्व की सार-संम्हाल कर उसे प्रकाश में लाने में भी बड़ी सहायता मिलेगी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अतएव इस समय इस परम्परा के साहित्य के सुरुचिपूर्ण प्रकाशन और उसके पुरातत्त्व की सुरक्षा और प्रकाशन की जितनी अधिक आवश्यकता है, समग्र भारतवर्ष के जिन मन्दिरों आदि में पाये जानेवाले मूर्तिलेखों, यन्त्रलेखों, शिलालेखों और प्रशस्तिलेखों के प्रकाशन की भी उतनी ही अधिक आवश्यकता है। इन लेखों के प्रकाशित न होने से और विवाद के समय इन्हें प्रमाण के रूप में उपस्थित न कर सकने से जो भयावह स्थिति उत्पन्न होती रहती है उसे पूरी तरह से शब्दों द्वारा व्यक्त करना एक प्रकार से कठिन ही है। इसके अतिरिक्त समाज को धन-जन की हानि का सामना अलग से करना पड़ता है।

१०. कतिपय उदाहरण

हमारे पास ऐसे कई प्रमाण हैं जिनसे यह आसानी से सिद्ध किया जा सकता है कि विवक्षित क्षेत्र, वहाँ का पुरातत्त्व और इतिहास पूरी तरह से हमारे पक्ष में होने पर भी हमें विरोधी समाज के आघातों का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरणार्थ धुलेव ग्राम में स्थित श्री ऋषभदेव केशरिया जी (मेवाड़) के जिनमन्दिर को ही लिया जा सकता है। उस मन्दिर के खेला मण्डप और आजू-वाजू की दीवालों में चिने हुए जितने भी शिलालेख मिलते हैं उनसे यह आसानी से सिद्ध किया जा सकता है कि यह मूलत: दिगम्बर मन्दिर होते हुए भी हमें दूसरों के सामने घुटने टेकने के लिये लाचार होना पड़ा, साथ ही इसके लिये हमें जो धन-जन की हानि का सामना करना पड़ा वह अलग से।

यह दिगम्बर मन्दिर है इसकी पुष्टि में वहाँ जो शिलालेख पाये जाते हैं उनमें से कतिपय लेखों के दिगम्बदत्व के पोषक अंश को यहाँ दिया जा रहा है। यथा—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१) खेला मण्डप में मुख्य मन्दिर के द्वार के बाहर बाईं ओर ऊपर दीवाल में लगे हुए शिलालेख का कुछ अंश—

............संवत् १४३१ वर्षे वैशाख सुदी अक्षयतिथौ बुध दिना गुरावद्येहा वापी कूप प्र..........सरि सरोवरालंकृति खडवाला-पत्तने। राज श्री विजय राज्य पालयंति सति उदयराज सेल प............श्रीमज्जिनेन्द्राय धनतत्पर पंचूलीवागड प्रति............ काण्ठासंघे भट्टारक श्रीधर्मकीर्तिगुरोपदेशेना............।

(२) खेला मण्डप की उत्तर दिशा में दाईं ओर लगा हुआ शिलालेख—

............संवत् १५८२ वर्षे। वइसाख सुदी ५ वा० सोमे भट्टारिक श्रीजसकीर्तिराज............श्रीकाष्ठासंघे।

(३) वहाँ स्थित शिलानिर्मित विशालकाय हाथी पर अंकित लेख—

सं० १७११ वर्षे वैसाख सुदी ३ सोमे श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्री भट्टारक श्री............श्री गुरुपदेशात् उदयपुर.... ....घाराज्ञातीय........क्षेत्र।

सूचना—इन तीन लेखों के अतिरिक्त वहाँ देवकुलिकाओं के प्रतिमा लेखों, भित्ति में चिने हुए बहुत से लेखों और प्रतिमा लेखों को यहाँ नहीं दिया गया है।

इस प्रकार उक्त लेखों पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि मूलतः इस मन्दिर का निर्माण दिगम्बर परम्परा के श्रावकों ने ही करा कर इसे तीर्थ क्षेत्र का रूप प्रदान किया था। वहाँ चिरकाल से स्थित भट्टारक पट्ट से भी इस तथ्य का समर्थन होता है। इतना सब कुछ होते हुए भी हम उसे पूरी तरह से नहीं बचा सके और विपरीत मान्यतावाली जैन समाज का उसे कोप भाजन बनने दिया गया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह एक क्षेत्र का उदाहरण है। दूसरा क्षेत्र कुम्भोज वाहुवली (कोल्हापुर) है जिस पर इस समाज की कुदृष्टि की छाया पड़ना प्रारम्भ हो गया है। पर उस क्षेत्र की जनता और वाहुवली विद्यापीठ के प्रबन्धक सावधान होने से अभी तो वह बचा हुआ है। यद्यपि उस क्षेत्र पर दूसरी समाज ने पैर तो जमा लिये हैं। उस समाज के द्वारा कुछ दूसरों से मिलकर ऐसा भी प्रयत्न चल रहा है जिससे सम्भवतः भविष्य में वाहुवली विद्यापीठ के कार्यकर्ताओं और समाज को इस क्षेत्र की रक्षा के लिये अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़े।

कहते हैं कि कई शताब्दियों के पूर्व यहाँ एक वाहुवली नामक दिगम्बर मुद्राधारी मुनि हो गये हैं। उनके निमित्त से ही इस क्षेत्र को मूर्तरूप मिला था। क्षेत्र पर वाहुवली की विशालकाय एक नग्न खण्डित मूर्ति भी पाई जाती है। सम्भव है कि उनके निमित्त से ही इसका निर्माण हुआ हो और इसलिये भी इस क्षेत्र का नाम वाहुवली पड़ा हो। यहाँ कई पुराने दिगम्बर मन्दिर हैं। उनके सामने पुराना एक मानस्तम्भ भी है। एक विशालकाय वावड़ी है। पूरा क्षेत्र एक पहाड़ी पर अवस्थित है। (पहाड़ी के परिसर में जो दिगम्बर धर्मायतनों का नया निर्माण हुआ है उसकी यहाँ हम चर्चा नहीं कर रहे हैं।) क्षेत्र पर स्थित दिगम्बर जिनालयों का दर्शन करने के लिये कोल्हापुर निवासी राज्यमान्य स्व० श्री पं० कल्लप्पा भरमप्पा निटवे के द्वारा सीढ़ियों से क्षेत्र को अलंकृत कर दिया गया है और एक धर्मशाला भी बनवा दी गई है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि यह पूरा क्षेत्र दिगम्बर आम्नायका है। जो वहाँ जिनमूर्तियों और मानस्तम्भ पर अंकित लेख हैं वे इसके साक्षी हैं। उनमें से हम यहाँ ३-४ लेखों का उपयोगी अंश दे रहे हैं—

(१) चन्द्रप्रभजिन स० पा० पद्मासन १६ अंगुल।

संवत् १५४८ वर्षे वैसाख सुदी ३ मूलसंघे भट्टारकजी श्री······· ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) पार्श्वनाथ जिन, स० पा० पद्मासन १४ अं० ।

संवत् १५४८ वर्षे वैसाख सुदी ३ श्री मूलसंघ भट्टारक जी श्री जिनचन्द''''''''''''जीवराज पापड़ीवाल''''पणमति सहर मुडासा ।

(३) एक मन्दिर में मटमैले पाषाण से निर्मित एक ऐसा शिलापट्ट भी है जिसके बीच में एक नग्न दिगम्बर खड्गासन मुद्रा में निर्मित जिनमूर्ति है। आजू-बाजू १३ जिन मूर्तियाँ और हैं। एक मूर्ति नष्ट हो गई है। अतः वह स्थान खाली है। दोनों ओर बैठे हुए यक्ष-यक्षिणी हैं। लेख नहीं।

(४) भ० महावीर खड्गासन नग्नमूर्ति यक्ष-यक्षिणी सहित कृ० पा० १९ अं०। लेख नहीं।

(५) मानस्तम्भ पाषाणनिर्मित। इसकी तीसरी कटनी पर जो लेख है उसका सं० '१८'१० कुशेबावाजी' इतना अंश पढ़ा जा सका।

इन दो क्षेत्रों के अतिरिक्त अकोला मण्डलान्तर्गत वासिम से कुछ दूरी पर एक क्षेत्र और है जो ब्रटिश शासन काल से श्वेताम्बर समाज का कोपभाजन बना हुआ है। नाम अन्तरीक्ष पार्श्वनाथ है। क्षेत्र के इस नाम से और वहाँ स्थित तीर्थंकर पार्श्वनाथ के जिन बिम्ब को देखने से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह दिगम्बर तीर्थ है। केवली होने पर जिनदेव अन्तरीक्ष विहार करते हैं तथा समवसरण में भी वे अन्तरीक्ष ही रहते हैं यह दिगम्बर आम्नाय सम्मत मान्यता है, जब कि श्वेताम्बर आम्नाय इस तथ्य को स्वीकार नहीं करता। फिर भी श्वेताम्बर समाज इसे अपने अधीन करके इसका श्वेताम्बरीकरण करना चाहता है।

मूल मूर्ति तो दिगम्बर है ही, इसके सिवाय वहाँ अन्य जितना भी पुरातत्त्व अवस्थित है वह भी पूरो तरह से दिगम्बर आम्नाय के अनुरूप है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुख्य मन्दिर गाँव के अन्दर है। इसके अतिरिक्त गाँव के बाहर जो पवली नामका जिनमन्दिर निर्मित है। वहाँ का पुरातत्त्व भी पूरी तरह से दिगम्बर आम्नाय के अनुरूप है। इन दोनो जिनमन्दिरों में ऐसा एक भी प्रमाण उपलब्ध नहीं होता जिससे यह कहा जाय कि कभी इस पर अंशत: भी श्वेताम्बर समाज का अधिकार रहा है।

यह इस क्षेत्रों का दिगम्बर परम्परा का पोषक थोड़ा सा पुराना पुरातत्त्व है। इससे मालूम पड़ता है कि इस प्रदेश के निवासियों ने उक्त महाराज का निमित्त पाकर शताब्दियों पूर्व इस दिगम्बर आम्नायके क्षेत्र का निर्माण कर लिया था। यद्यपि श्वेताम्बर इस प्रदेश के मूल निवासी नहीं हैं। व्यापार आदि के निमित्त से सौ-पचास वर्ष पूर्व इस क्षेत्र के सन्निकट सांगली आदि व्यापारिक नगरों में आ वसे हैं। उनकी ओर से किये गये अनुरोध पर इस प्रदेश के मूल निवासी दिगम्बर जैनों ने जैन धर्म को माननेवाले समझ कर क्षेत्र की पहाड़ी पर एक मन्दिर वना लेने की स्वीकृति दी थी। इसी के फल स्वरूप पहाड़ी पर उस समाज का एक नया मन्दिर अवश्य है। पर आज वह समाज पूरे क्षेत्र को ही अपने आधीन करके अपना वना लेना चाहता है।

यह प्रदेश उस समाज का मूल निवासस्थान भी नहीं। व्यापारादि के निमित्त से उस समाज के कुछ घर अकोला आदि व्यापरिक स्थानों में आकर वसे जिससे वे धीरे धीरे इस क्षेत्र के दर्शन आदि को आने लगे। अत: जिस चतुराई से काम लेकर उस समाज ने इस क्षेत्र को अपने अधीन करने का उपक्रम किया वह किसी से छिपा नहीं है।

अव तो एक चन्द्रशेखर नाम के श्वेताम्बर मुनि ने ही अपने पूरे परिवार के साथ यहाँ डेरा डाल रखा है। तथा क्षेत्र को पूरी तरह से अपने कब्जे में करने के लिये जो भी उचित अनुचित उपाय वनते हैं उन सवका सहारा लेकर वे इस का पूरीतरह से श्वेताम्बरीकरण कर देना चाहते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

११. स्वागत योग्य प्रयत्न

इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारा पुरातत्त्व, इतिहास और साहित्य पूरी तरह से प्रकाशित न होने के कारण और उसका व्यापक प्रचार न होने के कारण हमें पद-पद पर कठिनाइयों का सामना तो करना ही पड़ रहा है। साथ ही छल-बल के द्वारा उसके बदल दिये जाने के कारण या नामशेष कर दिये जाने के कारण जिस शोचनीय स्थिति का दिगम्बर परम्परा को सामना करना पड़ेगा, लगता है कि वह पूरे दिगम्बर परम्परा को ही ले डूबे गी। यह हमारी कोरी कल्पना नहीं है, किन्तु हमारी असावधानी के फलस्वरूप जो स्थिति उत्पन्न होना सम्भव है उसका थोड़े में यह आभास मात्र है। इस स्थिति से उबरने के लिये इस दिशा में थोड़े बहुत जहाँ जो प्रयत्न हो रहे हैं वे स्वागत योग्य हैं।

१२. एक लघु प्रयत्न

ऐसा ही एक लघु प्रयत्न द्रोणगिरि निवासी श्री पण्डित कमल कुमार जी का है। ये हमारे सहाध्यायी उदारचेता, सरलहृदय और त्यागमय जीवन के अभ्यासी श्री पं० गोरेलाल जी शास्त्री के सुपुत्र हैं। पं० जी स्वयं द्रोणगिरि के निवासी होने से इन्होंने उसी ग्राम को ही अपना कार्य क्षेत्र बना लिया है। वहाँ एक संस्कृत पाठशाला है जो सम्भवतः इन्हीं के सत्प्रयत्नों का सुफल है। प्रधान अध्यापक के रूप में प्रारम्भ से ही ये उक्त पाठशाला में सेवारत रहे हैं और अब वहाँ एक ब्रह्मचर्याश्रम की स्थापना हो जाने से गृहवास का त्याग कर ये उसमें रह कर त्यागमय जीवन व्यतीत करते हुए अपनी मनुष्य पर्याय को सफल बना रहे हैं।

श्री पं० कमलकुमार जी की शिक्षा-दीक्षा इन्हीं की देख-रेख में सम्पन्न होने से स्वभाव से ही ये भी अपने पूज्य पिता के समान धर्म

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और समाज के प्रति पूरे समर्पित भाव से उनकी सेवा करते रहते हैं। यह वात इसी से समझी जा सकती है कि ये छतरपुर स्थित हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्यापक होते हुए भी अध्यापन के अतिरिक्त जो भी समय निकाल पाते हैं उसका सदुपयोग धर्म और समाज के उपयोगी विविध कार्यों को प्रगति देने में करते रहते हैं। ये अच्छे लेखक भी हैं। वस्तुतः पू० क्षु० चिदानन्द स्मृति ग्रन्थ का पूरा संकलन, सम्पादन और प्रकाशन आदि समग्र कार्य इन्होंने ही किया है। वैसे इनकी सहज रुचि का विपय पुरातत्त्व है। अभी तक ये (१) जिन मन्दिर छतरपुर, (२) निर्वाण क्षेत्र द्रोणगिरि और (३) निर्वाण क्षेत्र रेशंदीगिरि के मूर्ति लेखों और प्रशस्तिलेखों का संकलन कर चुके हैं। आस-पास के गाँवों और सन्निकट के ऐतिहासिक स्थलों पर जो भी पुरातत्त्व उपलब्ध होता है उसे लिपिवद्ध करने की दिशा में भी इनका प्रयत्न चालू है। ये जो भी इस तरह का कार्य करते हैं उसे निस्पृह भाव से ही सम्पन्न करते हैं। तत्काल इनके द्वारा संकलित और सम्पादित छतरपुर स्थित जिन मन्दिरों के मूर्ति लेख और यन्त्र लेख हमारे सामने हैं। इनका प्रकाशन वड़ा मन्दिर छतरपुर की प्रवन्ध समिति की ओर से हो रहा है। हमें प्रसन्नता है कि इस मन्दिर की प्रवन्ध समिति और उसके व्यवस्थापक श्री सिंघई ज्ञानचन्द जी महाशय का ऐसे उपयोगी कार्य की ओर ध्यान गया है। अन्य नगरों और क्षेत्रों की समाज इसका अनुकरण करेगी ऐसी आशा है।

१३. मूर्ति व यन्त्र लेख

छतरपुर एक पुराना नगर है। कहते हैं कि इसे वुंदेलखण्ड के गौरवस्वरूप, वीर योद्धा और महान् राजनीतिज्ञ महाराजा छत्रसाल ने वसाया था। इसलिये इसे छत्रपुर (ले० १०१) भी कहते हैं। छतरपुर यह नाम (ले० ८९) इसी का अपभ्रंश रूप है। इन मूर्तिलेखों में वि० सं० १२७२ का एक लेख ऐसा भी पाया जाता है जिसमें 'छत्रेवासी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पहल' (लेखांक ५) अंकित है। खजुराहा के भगवान् पार्श्वनाथ प्रभृति जैन मन्दिरों का निर्माण पहल वंश के द्वारा ही हुआ है। किन्तु इन दोनों स्थानों के मूर्तिलेखों के संवतों में बड़ा अन्तर है। हो सकता है कि इस वंश में ऐसे पुण्य पुरुष होते रहे हैं जो अपनी गाढ़ी कमाई का सदुपयोग उस काल के अनुसार प्राय: धर्मायतनों आदि के निर्माण और उनका संरक्षण करने में ही करते रहते थे।

यहाँ के नगर और डेरा पहाड़ी के जिन मन्दिरों की कुल संख्या लगभग ८-९ है। तथा इनमें विराजमान कुल जिनविम्वों की संख्या ३२० और यन्त्रों की संख्या अज्ञान है।

'चौधरी' नाम से प्रसिद्ध यहाँ के एक जिन मन्दिर में एक जिन विम्व ऐसा भी विराजमान है जिस पर मात्र वि० सं० १०२५ अंकित है। यह जिनविम्ब धातु निर्मित है। इसकी ऊँचाई तीन अंगुल से कुछ अधिक है और चौड़ाई सवा अंगुल है।

महाराजा छत्रसाल ने जिस भूमि पर छत्रपुर नगर को बसाया था, यह सम्भव है कि वहाँ उसके पहले कोई गाँव अवश्य रहा होगा। सम्भव है कि इस जिनविम्ब का सम्बन्ध उसी गाँव से रहा हो तथा यह भी सम्भव है कि यह जिनविम्व अन्यत्र से लाकर यहाँ विराजमान किया गया हो। जो कुछ भी हो, इतना सुनिश्चित है कि इस मूर्ति-लेख के साथ समग्र मूर्तिलेखों पर दृष्टिपात करने से इतना सुनिश्चित हो जाता है कि इस नगर और उसके आस-पास के क्षेत्र में प्राचीन काल से ही जैन धर्म के उपासक समाज का अस्तित्व बना चला आ रहा है। इसलिये इस नगर के जीवन काल को ध्यान में रखकर मूर्ति लेखों पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि यहाँ के जिन मन्दिरों में जो जिन विम्व विराजमान हैं उनमें से १७ वीं शताब्दी से पूर्व तकके कुछ जिनविम्व सम्भवत: आस-पास के क्षेत्र से लाकर सुरक्षा और पूजा-उपासना की दृष्टि से यहाँ के जिन मन्दिरों में विराजमान किये गये हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उदाहरणार्थं डेरा पहाड़ी के एक जिन मन्दिर में एक जिनविम्व वि० सं० ११४९ का और दूसरा जिनविम्व विना सम्वत् का ये दो जिन-विम्व विराजमान हैं। वे दोनों जिनबिम्ब कहते हैं कि उर्द मऊ से लाकर यहाँ विराजमान किये गये हैं। तथा चौधरी नाम से प्रसिद्ध जिन मन्दिर में वि० सं० १२०२ का जो जिनविम्ब विराजमान है वह जगत्सागर स्थान से लाकर यहाँ विराजमान किया गया है। ये दोनों ऐतिहासिक स्थान हैं। जगत्सागर में तो दूसरे समाज के भी ५-६ मन्दिर बने हुए हैं। इससे पता लगता है कि यह स्थान पूर्व काल में सभी धर्मों के अनु-यायियों का संगम स्थान बना हुआ था। यहाँ पाये जानेवाले जिन-बिम्वों पर अंकित मूर्तिलेख, आम्नाय, त्यागी-मुनि, भट्टारक सम्प्रदाय और इस क्षेत्र में पाई जानेवाली जातियों की दृष्टि से भी अध्ययन करने योग्य हैं। यहाँ सर्व प्रथम आम्नाय की दृष्टि से विचार किया जाता है।

१४. आम्नाय

दिगम्बर परम्परा में दो आम्नाय मुख्य हैं—एक मूलसंघ और दूसरा काष्ठासंघ। शेष जितने भी भेद-प्रभेद पाये जाते हैं वे सब इन दो संघों में गर्भित हो जाते हैं। उनमें से मूलसंघ यह अपने नाम के अनुसार पुराना है। इससे जिन शासन के मूल आत्मा को हृदयंगम करने में बड़ी सहायता मिलती है। काष्ठासंघ, मध्यकाल में जब लौकिक-आचार से प्रभावित दिगम्बर साधुओं ने समाज में अपना स्थान बना लिया था, उस समय की देन है। यहाँ के जिन मन्दिरों में जितने जिनबिम्व विराजमान हैं उनको तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

(१) वे जिनविम्व जिन पर किसी भी आम्नाय का उल्लेख नहीं पाया जाता।

(२) वे जिनविम्ब जिन पर मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नायकाउल्लेख है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) तथा वे जिनविम्ब और चरणचिन्ह जिन पर काष्ठासंघ आम्नाय का उल्लेख है।

प्राय: ये तीन प्रकार के सभी लेख इन तीन भागों में विभक्त हैं। उनमें से जिन दो या तीन लेखों में काष्ठासंघ आम्नाय अंकित है उनमें से वि० सं० १५४२ के जिस लेख में स्पष्ट रूप से गोपाचल (ग्वालियर दुर्ग) अंकित है उसकी प्रतिष्ठा गगंगोत्री सा० महराजा नामक किसी अग्रवाल गृहस्थ ने कराई थी। प्रस्तुत पुस्तक में उसका क्रमांक २१ है।

दूसरा लेख वि० सं० १४७३ का है। सम्भवत: यह लेख तीर्थंकर महावीर के जिनविम्ब के वगल में स्थित गुणकीर्तिदेव की पुण्यस्मृति में उनके शिष्य भ० यश:कीर्तिदेव द्वारा स्थापित उनके चरणचिन्ह पट्ट पर अंकित किया गया है। इस जिनमूर्ति और चरणचिन्ह पट्ट की स्थापना भी गोपाचल दुर्ग में हुई है और वहीं से किसी सद्‌गृहस्थ द्वारा यहाँ लाया गया है। इसका क्रमांक है।

इतने विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि इस सम्भाग में काष्ठासंघ आम्नाय का प्रलचन तो कभी रहा ही नहीं। अत: यहाँ इस वात का विचार करना है कि इस सम्भाग में प्रारम्भ से किस आम्नाय का प्रचलन रहा आया है। इस वात का निर्णय करने के लिये हमें इस सम्भाग में पहले और उत्तर काल में किस आम्नाय को प्रश्रय दिया गया है इस पर दृष्टिपात करना होगा। इसके लिये प्रस्तुत पुस्तक में संगृहीत समस्त प्रतिमा लेखों पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि इस सम्भाग में प्रारम्भ से ही एकमात्र मूलसंघ आम्नाय का ही प्रचलन रहा है। प्रमाणस्वरूप इस पुस्तक में जितने भी प्रतिमा लेख आदि संगृहित हैं उनमें से जिन प्रतिमालेखों में आम्नाय का उल्लेख है उन सब पर उक्त दो या तीन प्रतिमालेखों को छोड़कर वहुतों पर मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय अंकित है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब सवाल यह है कि ऐसे जितने भी प्रतिमा लेख हैं उनमें से सबसे प्रथम लेख पर मात्र वि० सं० १२७२ ही अंकित है। उससे पहले भी यदि इस सम्भाग में मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय प्रचलित रहा है तो उसका अंकन वि० सं० १२७२ से पहले के प्रतिमा लेखों में क्यों नहीं किया जाता रहा है? सवाल मार्मिक है, किन्तु इसका समाधान यह है कि इस काल में मूर्तिलेखों में आम्नाय के अंकन की परम्परा दो कारणों से प्रचलित हुई जान पड़ती है। प्रथम श्वेताम्बर आम्नाय का वारण करने के अभिप्राय से और दूसरे दिगम्बर परम्परा में ही शिथिलाचार के पोषक काष्ठासंघ की स्थापना हो जाने पर उसका वारण करने के अभिप्राय से। ये दो कारण मुख्य हैं जिनके कारण उत्तर काल में जिनमूर्ति की प्रतिष्ठा के समय किस आम्नाय में यह मूर्ति प्रतिष्ठित हुई है यह अंकन करना आवश्यक समझा जाने लगा।

जिस सम्भाग में इन आम्नायों के कारण श्रावकों में द्विविधा प्रतीत हुई उस सम्भाग में तो आम्नाय का अंकन इससे भी पहले किया जाने लगा। किन्तु जिस सम्भाग में ऐसी द्विविधा की स्थिति बाद में दृष्टिगोचर हुई वहाँ इस आम्नाय के अंकन का प्रचलन बाद में प्रारम्भ हुआ। यही स्थिति इस सम्भाग की भी रही है। यहाँ न तो कभी श्वेताम्बर आम्नाय का प्रचलन रहा है और न काष्ठासंघ का ही। यही कारण है कि इस सम्भाग के जिनमन्दिरों में काष्ठासंघ आम्नाय में प्रतिष्ठित हुई जो कतिपय जिनमूर्तियाँ पाई भी जाती हैं वे व्यापारादि के निमित्त से अन्य प्रदेशों से आये हुए श्रावकों द्वारा यहाँ के जिन मन्दिरों में विराजमान कराई गई ही पायी जाती हैं। मूलत: इस सम्भाग के श्रावकों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा नहीं हुई हैं यह पूर्व में उल्लिखित दो लेखों से ही सुनिश्चित है और न ही यहाँ के सम्भाग के किसी प्रतिष्ठा समारोह में उनकी प्रतिष्ठा ही हुई है। इस सम्भाग में बसनेवाले श्रावकों में सदा से ही मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय की प्रवृत्ति चली आ रही है इससे यह स्पष्ट हो जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१५. मूलसंघ

छतरपुर के इस मूर्तिलेख संग्रह में अधिकतर लेख मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय-सम्बन्धी हैं। उनमें से वहुतों पर तो आम्नाय का स्पष्ट उल्लेख है और कुछ पर नहीं है। उसके दो कारण रहे हैं—प्रथम तो जो जिन-विम्ब छोटे रहे हैं उन पर प्रायः मात्र संवत् और तिथि का उल्लेख करना ही सम्भव हो सका, इसलिये तो उन मूर्तियों पर आम्नाय आदि का उल्लेख करना सम्भव न हो सका। दूसरे प्रतिष्ठाचार्यों के दुर्लक्ष्य करने के कारण भी वहुत सी मूर्तियों पर आम्नाय आदि का उल्लेख न हो सका। इतना अवश्य है कि जो जिनविम्ब ११वीं १२ वीं शताब्दि में प्रतिष्ठित कराये गये हैं उन पर आम्नाय आदि का उल्लेख न होने का कारण कभी भी इस सम्भाग के श्रावकों में काष्ठासंघ परिपाटी का प्रचलित न होना ही मुख्य है।

श्वेताम्वर परम्परा का उद्गम श्रुतकेवली भद्रवाहु के काल में हुआ था, इसलिये इसके पूर्व जो आम्नाय प्रचलित थी उसे ही उत्तर काल में 'मूलसंघ' इस नाम से अभिहित किया जाने लगा। मूर्तिलेख आदि में इस नाम का उल्लेख कब से होने लगा यह तत्काल निश्चय पूर्वक तो नहीं कहा जा सकता। परन्तु हमारे पास जो मूर्तिलेख आदि का संग्रह है उसमें एक ऐसा भी मूर्ति-लेख है जिससे यह निश्चय पूर्वक कहा जा सकता है कि ७ वीं शताब्दि के पूर्व ही मूर्तिलेखों आदि में 'मूलसंघ' पद का उल्लेख किया जाने लगा था। पूरा लेख इस प्रकार है—

वि० 'संवत् ६१० वर्षे माघसुदी ११ मूलसंघे पौरपाटान्वये पाटन (ल) पुर संघही........।' (साढौरा (गुना) मध्यप्रदेश)

(१) प्रस्तुत मूर्तिलेख संग्रह में 'मूलसंघ के' वाद अनियम से तीन विशेषण लगे हुए दृष्टिगोचर होते हैं। किसी में 'वलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुंदकुंदाचार्यान्वये' ये तीनों विशेषण लगे हुए हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) प्रस्तुत लेख संग्रह में वि० सं० १२७२ के सर्वप्रथम (लेख ४ से ६) तक के ३ लेख ऐसे हैं जिनमें मात्र सरस्वतीगच्छ का उल्लेख है। इससे पता लगता है कि १४ वीं शताब्दि के पूर्व भी[1] मूलसंघ के विशेषण के रूप में सरस्वतीगच्छ का उल्लेख होने लगा था।

हमारे लेख संग्रह में चन्द्रप्रभ छोटा मन्दिर सिरोंज का एक ऐसा भी प्रतिमालेख है जिसमें मूलसंघ के विशेषणरूप से 'सरस्वतीगच्छ बलात्कार-गण' इन दोनों विशेषणों का उल्लेख दृष्टिगोचर होता है। पूरा लेख इस प्रकार है—

'वि० संवत् १००७ मासोत्तमसासे फाल्गुणमासे शुक्लपक्षे तिथौ चतुर्थ्यां बुधवासरे श्रीमूलसंघ सरस्वतीगच्छ बलात्कारगण ठाकुर-सीदास प्रतिष्ठितं।'

बूढी चंदेरी (गुना) स्थित १२ शताब्दि का एक ऐसा लेख भी हमारे संग्रह में है जिसमें मात्र कुंदकुंदान्वय नंदिसंघ का उल्लेख दृष्टिगोचर होता है। लेख का वह अंश इस प्रकार है—

'श्रीकुंदकुंदान्वय नंदिसंघे जातो मुनिः श्रीशुभकीर्तिसूरिः।'

ये कतिपय उल्लेख हैं जिनके आधार से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रारम्भ में मूलसंघ के विशेषण के रूप में उक्त विशेषणों का उल्लेख करना ऐच्छिक रहा है। जैसे-जैसे नई परिस्थितियाँ उत्पन्न होती गईं वैसे-वैसे इन विशेषणों का प्रयोग विशेष रूप से बढ़ता गया।

---

१. भट्टारक सम्प्रदाय पृ० ४४ में प्रो० वी० पी० जोहरापुरकर ने यह संकेत किया है कि 'चौदहवीं सदी से मूलसंघ के साथ सरस्वतीगच्छ और उसके पर्यायवाची भारती, वागेश्वरी, शारदा आदि नाम जुड़े हैं' वह उक्त प्रतिमा लेख को दृष्टिपथ में लेने से ठीक प्रतीत नहीं होता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नीतिसार के उल्लेख से भी ज्ञात होता है कि सब संघों का आदि संघ मूलसंघ ही है।[1] बाद में एक अंगधारी अर्हद्बलिने देश, काल, परिस्थिति का विचार कर मूलसंघ के अन्तर्गत सिंह, नन्दि, सेन और देवसंघ की स्थापना की।

१६. काष्ठासंघ

नीतिसार के उल्लेख से यह भी ज्ञात होता है कि उत्तरकाल में मूलसंघ से ही काष्ठासंघ निकला है। अन्यत्र इस संघ की उत्पत्ति लोहाचार्य के निमित्त से कही गई है। किन्तु मूलसंघ नन्दि आम्नाय की प्राकृत पट्टावलि में एक अंगधारी मुनिवरों में लोहाचार्य का नाम नहीं है। त्रिलोक प्रज्ञप्ति और धवला में उल्लिखित पट्टावलियों के साथ काष्ठासंघ की पट्टावलियोंमें एक अंगधारी मुनियों में लोहार्य का नाम अवश्य है। दर्शनसार के अनुसार तो आचार्य विनयसेन के शिष्य कुमारसेन ने वि० सं० ७५३ में इस संघ की स्थापना की थी। यह संघ चार भागों में बटा हुआ है—माथुरगच्छ, वागडगच्छ, लाटवागडगच्छ तथा नन्दोतटगच्छ।[2]

१७. शुद्धाम्नाय

प्रस्तुत मूर्तिलेख संग्रह में वि० सं० १९३२ का एक ऐसा भी लेख संग्रहीत है जिसमें 'शुद्धाम्नाये' पद उल्लिखित है। मूर्ति खड्गासन चन्द्रप्रभकी है। ऊँचाई ३०-३१ अंगुल है और चौड़ाई ५ अंगुल है।

यह उस काल का लेख है जब बुंदेलखण्ड में भट्टारक परम्परा का पूरी तरह से उच्चाटन हो चुका था। प्रतिभा लेखों के देखने से विदित होता है कि सर्वप्रथम चंदेरी और सिरोंज के भट्टारकपट्ट रिक्त होने पर श्रावकों ने अटेर भट्टारकपट्ट के भट्टारकों की देख-रेख में पंच

---

१. तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा भाग ४, पृ० ३५८।
२. भट्टारक सं० पृ० २१०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कल्याणक प्रतिष्ठाओं का आयोजन प्रारम्भ किया था। वि० सं० १८३५ और वि० सं० १८३९ के दो लेख हमारे सामने हैं। जिनमें से प्रथम प्रतिमा लेख में भट्टारक महेन्द्र कीर्तिदेव अंकित है और दूसरे प्रतिमा लेख में भट्टारक जिनेन्द्रभूषण अंकित है। उनमें से जिनेन्द्र भूषण तो नियम से अटेर शाखा के भट्टारक हैं यह स्पष्ट है।[1] सम्भवतः महेन्द्रभूषण भी अटेर शाखा के ही भट्टारक हैं।

शुद्धाम्नाय की पुष्टि करनेवाला वि० सं० १७३४ का ऐसा ही एक लेख पालीताना के दि० जैन मन्दिर में स्थापित जिन बिम्ब पर अंकित है। पूरा लेख इस प्रकार है—

वि० सं० १७३४ वर्षे मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्री कुंदकुंदाचार्याम्नाये भट्टारक सकलकीर्ति तत्पट्टे श्री पद्मनन्दी तत्पट्टे भ० श्री देवेन्द्रकीर्ति तत्पट्टे भ० श्री क्षेमकीर्ति शुद्धाम्नाये बागडदेश शीतपाड़ानगरे हूंमडज्ञातीय लघुशाखायां कमलेश्वरगोत्रे दोशी श्री सूरदास तत् सूरमद'तयोः पुत्र दोशी सांगीता सरजाण एतयोः पुत्री।

शुद्धाम्नाय का पोषक वि० सं० १७३४ का यह दूसरा प्रतिमा लेख है। इस प्रकार इन दोनों लेखों से यह स्पष्ट हो जाता है कि कुन्दकुन्द आम्नाय और शुद्धाम्नाय ये एक ही हैं। यद्यपि १४ वीं १५ वीं शताब्दी से लेकर इस आम्नाय के जितने भी भट्टारक पट्ट रहे हैं उन सबने अपने व्यवहार में शुद्धाम्नाय परम्परा का पूरी तरह से त्याग कर पूजा-पाठ में काष्ठासंघ परम्परा को भले ही अपना लिया था। पर अपनी शुद्धाम्नाय परम्परा से अनभिज्ञ और यशके भूखे श्रावकों और पण्डितों का भी इस स्थितिको उत्पन्न करने में बहुत बड़ा हाथ रहा है। यह हमारी कोरी कल्पना नहीं है। वर्तमान काल में इस आम्नायके श्रावकों द्वारा मुनि आचार आदि में शिथिलाचार को जिस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है

१. भट्टारक सम्प्रदाय पृ० १३५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उससे ही इस तथ्य की पुष्टि होती है। यदि विचार कर देखा जाय तो पता लगेगा कि १० वीं ११ वीं शताब्दि से ही इस बुराई ने मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय को राहु की तरह ग्रसना प्रारम्भ कर दिया था। यही कारण है कि समय-समय पर ऐसे सद्‌गृहस्थ होते आये हैं जिन्होंने शिथिलाचारी मुनि और उनके अनुयायी श्रावकों की चिन्ता न कर अपनी पूरी शक्ति इस बुराई के दूर करने में लगाई है। यहाँ हम ऐसे दो उदाहरण उपस्थित करते हैं जिनसे हमारे इस कथन की पुष्टि होती हैं। पहला उदाहरण पचराई (खनियाधाना) क्षेत्र का है, जिसे उपयोगी जानकर यहाँ दिया जा रहा है—

श्री कुन्दकुन्दसंताने देसिके संज्ञके सुभनंदिगुरोः सिष्यः सूरिः श्री लीलचन्द्रकः। हरीव भूत्या हरिराजदेवो वभूव भीमेव ह्रि तस्थ भीमः। सुतस्तदीयो रणपाल नाम एत्तद्धिरान्वये कृतिराजनस्य। परपाटान्वये शुद्धे साधुस्तान्मा महेश्वरः। महेश्वर परेव विख्यात-स्तत्सुतो बोधसंज्ञकः। तत्पुत्रो राजनो ज्ञेयः कीर्तिस्तस्येवमद्भुता। जिनेन्द्रवत्शुभात्यंतं राजते भुवनत्रये॥ तस्मिन्नेवान्वये दिव्ये गोष्ठि-कावपरौ शुभौ। पञ्चमांसे स्थितो ह्येको द्वितीयो दसमासके॥ आद्योऽसिहडो ज्ञेयः समस्तजससां निधिः। भक्तो जिनवरस्याद्यो विख्यातो जिनशासने। मंगलं महा श्रीः। भद्रमस्तु जिनशासनाय॥ संवत् ११२२।

यह वि० सं० ११२२ का लेख है। इस लेख में आचार्य कुन्दकुन्द आम्नायके साथ परपट (परवार) अन्वय को शुद्ध कहा गया है। जिससे इस तथ्य की पुष्टि होती है कि शुद्धाम्नाय का प्रचलन न तो पं० बनारसीदास ने ही किया है और न पण्डितप्रवर टोडरमल जी ही इसके पुरस्कर्ता हैं। यह हजारों वर्ष से चली आई सर्वाधिक प्राचीन परम्परा है। मध्यकाल में भट्टारक परम्परा में काष्टासंघ आम्नाय का प्रवेश हो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाने से अवश्य ही इस आम्नाय में भी शिथिलाचार ने किसी हद तक अपना स्थान बना लिया था। किन्तु शुद्धाम्नाय का पूरी तरह से लोप न किया जा सका।

ऐसा ही एक लेख बूढी चंदेरी का है। इसमें कुन्दकुन्दान्वय नन्दि-संघ के उपासक को शुद्धाम्नाय के अनुसार ही यम-नियम के पालन करने में दक्ष कहा गया है। लेख का वह अंश इस प्रकार है—

श्री कुन्दकुन्दान्वयनंदिसंघे जातो मुनिः श्री शुभकीर्तिसूरिः। चरणांबुजापीन्दुमरीचिगौरे विभ्राजितानां तिणोयशोभिः॥ समभवत् शुभनंदी तस्य शिष्यः रामाबुधजननयालोकैकभानुः। यम नियम.......शुद्धं सिद्धांतबली परिगतभवकीर्तिः वीतसंसारचित्तः। बभूव भद्रो वनिजां स नेता कषायदोषप्रसरस्य हंता॥ आदि

हम पहले पचराई के शिलालेख का उल्लेख कर आये हैं। इस लेख से भी उस लेख में वर्णित विषय की पुष्टि होती है। सम्भवतः इन दोनों लेखों में अंकित प्रशस्तियाँ लगभग एक ही काल में अंकित की गई हैं। कारण कि दोनों के गुरु शुभनन्दिसूरि एक ही व्यक्ति जान पड़ते हैं। तथा साथ ही पचराई के शिलालेख के समान इस लेख में भी शुद्धाम्नाय का उल्लेख होने से भद्रनाम के जिस वैश्यों के नेता ने इस प्रशस्ति को मूर्तरूप दिया है वह भी पौरपाटान्वयी (परवार) होना चाहिये।

१८. तेरापंथ के पर्यायवाची नाम

ये कतिपय उल्लेख हैं जिन पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि जिसे वर्तमान में तेरापन्थ और ११ वीं शती में शुद्धाम्नाय कहा गया है, वह कुन्दकुन्दाम्नाय के ही पर्यायवाची नाम हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि है तो यह परम्परा पुरानी। परन्तु उत्तर काल में मूलसंघी कुन्दकुन्दाम्नायी भट्टारकों में काष्ठासंघ के अनुसार पूजा-पाठ प्रमुख क्रियाकाण्ड के रूढ़ हो जाने पर ११ वीं १२ वीं शताब्दि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में सर्वप्रथम कुन्दकुन्द आम्नाय को ही शुद्धाम्नाय कहा गया और बाद में उसे ही वीतराग मार्ग के अनुरूप तेरा अर्थात् हे भगवन् ! आप का पन्थ कहा जाने लगा। और इसप्रकार लोक में जब यह तेरापन्थ नाम से प्रसिद्ध हुआ तो काष्ठासंघ के अनुयायी श्रावक-मुनियों ने 'तेरा' शब्द को संख्यावाची मानकर स्वयं की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिये अपने पन्थ को अवश्य ही वीसपन्थ कहना प्रारम्भ कर दिया। अतः वीसपन्थ में 'वीस' यह पद भी बड़प्पनका ही वाची है। इसलिये इस आधार पर तेरापन्थ में 'तेरा' शब्द को संख्यावाची नहीं कहा जा सकता।

१९. देवसेनसंघ

इस प्रतिमालेख संग्रह में एक प्रतिमालेख (ले० २६७) का ऐसा भी है जिसमें 'देवसेनसंघ' अंकित है। उक्त प्रतिमालेख पर दृष्टिपात करने से यह नहीं मालूम पड़ता कि ये कौन देवसेन हैं जिनके नाम पर देवसेनसंघ प्रचलित हुआ। इस प्रतिमालेख में वि० सं० १२३४ अंकित है। इससे मालूम पडता है कि जिन देवसेन के नाम पर इस लेख में देवसेनसंघ कहा गया है वे इससे पहले के होने चाहिये। इस प्रतिमालेख में किसी भी आम्नाय या जाति का उल्लेख न होने से यह निश्चय करना कठिन है कि इसके अनुयायी पुरानी किस आम्नाय को मानते थे। कदाचित् इस लेख में मूर्ति प्रतिष्ठाकारक की जाति का उल्लेख होता तो भी यह अनुमान करने में आसानी जाती कि देवसेन की आम्नाय क्या रही होगी।

२०. जातिव्यवस्था

मनुस्मृति काल में ब्राह्मण वर्ण का प्रभुत्व स्थापित करने के लिये वर्ण व्यवस्था के नाम पर उन्हें स्थायी रूप देने के लिये जो नियम और उपनियम बने उन्हीं का देश-काल के अनुसार विकसित रूप ये

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जातियाँ हैं। इस कारण जाति और वर्ण में विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध प्रतीत होता है। जातियाँ विशेषण हैं और वर्ण विशेष्य। इसी बात को इन शब्दों में दुहराया जा सकता है कि जातियाँ व्याप्य हैं और वर्ण व्यापक। यह भारतवर्ष का पुराना रोग है। जैनधर्म इससे अछूता नहीं रह सका। यह प्रकट सत्य है। इसे ध्यान में रखकर सोमदेव सूरि अपने यशस्तिलकचम्पू में लिखते हैं—

जातयोऽनादयः प्रोक्ताः तत्क्रियाश्च तथाविधाः।
सर्व एव जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः।
यत्र सम्यक्त्वहानिर्न न यत्र व्रतदूषणम्॥

आशय यह है कि वैदिक परम्परा में वर्णाश्रम धर्म को स्थायी रूप देने के लिये जिस जन्मना जाति प्रथा को स्वीकार कर उसे अनादि कहा गया है वह लौकिक मर्यादा को बनाये रखने के लिये जैनों को भी स्वीकार करनी पड़ी। उक्त उल्लेख से स्पष्ट है कि जैन परम्परा में जन्मना जाति व्यवस्था का स्वीकार उसी की देन है। कदाचित् धर्मक्षेत्र में यह किसी भी रूप में अपना अड्डा न बना ले, यद्यपि इस दोष का वारण हमारे महर्षि पुराने काल से करते आ रहे हैं, फिर भी जन्मना जाति में जन्मा व्यक्ति इस दोष से अपने को बचा नहीं सका। इसी से रत्नकरण्डश्रावकाचार और मूलाचार में जाति और कुल का बड़प्पन छोड़नेवाला ही मोक्षमार्ग का पथिक बनने का अधिकारी माना गया है। इतना ही नहीं, किन्तु साधु को अपनी जाति, कुल और वैभव के बड़प्पन का बखान करके आहारादि ग्रहण करने का भी निषेध किया गया है। आशय यह है कि जो श्रमण धर्म को स्वीकार करता है वह चाहे श्रावक हो और चाहे साधु हो उसे मोक्षमार्ग का पथिक बनने के लिये इन सबका अहंकार छोड़ना ही पड़ता है। प्राचीन धर्मग्रन्थों में यद्यपि वर्तमान जातियों का उल्लेख तो दृष्टिगोचर नहीं होता। पर यही स्थिति कुल और वर्ण की नहीं है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुराणग्रन्थों में इनका उल्लेख निरपवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। इसके पीछे क्या हेतु रहा है, तत्काल इस विषय का निर्णय कर करना कठिन है। अस्तु,

यद्यपि प्रस्तुत लेख संग्रह अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। किन्तु इसके पहले भी धर्म कार्यों में जातियों का उल्लेख होने लगा था। फिर भी जो साधु पद अंगीकार करते थे या भट्टारक पद स्वीकार करते थे उन पर यह प्रतिवन्ध अवश्य लागू था। इस कारण वे स्वयं अपनी जाति का वखान नहीं करते थे। मात्र श्रावक इस प्रतिवन्ध से मुक्त हो चुके थे। प्रस्तुत लेख संग्रह में प्रायः जो विविध जातियों का नामोल्लेख दृष्टिगोचर होता है यह उसी का परिणाम है।

२१. पापड़ीवाल

इस दृष्टि मे प्रस्तुत लेख संग्रह में जिन जातियों का नामोल्लेख दृष्टिगोचर होता है उनके नाम हैं—गोलापूर्व, परवार, गोलाराड्, खण्डलवाल और अग्रवाल। इनमें से पापड़ीवाल यह गोत्र मुडासा-निवासी शाह जीवराज के लिये प्रयुक्त हुआ है। शाह जीवराज पापड़ीवाल ने वि० सं० १५४८ और उसके आस-पास के संवतों में हजारों हजार जिनविम्वों की प्रतिष्ठा करा कर भारतवर्ष के कोने-कोने तक भिजाकर उस समय की आवश्यकता को पूरा किया था। पापड़ीवाल कोई स्वतन्त्र जाति नहीं है। यह खण्डेलवाल जाति का एक गोत्र है। शाह वखतराम ने 'वुद्धि विलास में' इस गोत्र का उल्लेख इन शब्दों में किया है—

'जनवाणी भूलना पापड़ीवाल बताये।'

इससे मालूम पड़ता है कि खण्डेलवाल जाति में इस गोत्र के अनुयायी मात्र मूलसंघान्तर्गत कुन्दकुन्दान्वय सरस्वतीगच्छ वलात्कारगण को ही माननेवाले रहे हैं। इनके द्वारा प्रतिष्ठित सब जिनमूर्तियों की प्रतिष्ठा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जयपुर शाखा दिल्ली के भट्टारक जिनचन्द की देख-रेख में हुई थी। प्रस्तुत जिनविम्ब संग्रह में ऐसे लेख दस से अधिक हैं। इनके अतिरिक्त एक जिनविम्व चौधरी जी के जिनमन्दिर में और विराजमान है जिसकी प्रतिष्ठा भ० जिनचन्द की देख-रेख में इन्हीं जीवराज पापड़ीवाल ने कराई थी। किन्तु उसपर वि० सं० १४८० अंकित है। जो वस्तुतः वि० सं० १५४८ ही होना चाहिये।

२२. अग्रवाल

दूसरी प्रमुख जाति अग्रवाल है। इस जाति के यहाँ के मन्दिरों में मात्र दो या तीन जिनविम्ब विराजमान हैं। प्रथम जिनविम्व (क्रमांक २१) की प्रतिष्ठा काष्ठासंघाम्नायान्तर्गत ग्वालियर मण्डल के भट्टारक गुणनदेवकी संरक्षकतामें हुई है। इस जिनविम्व पर वि० सं० १५४२ अंकित है। दूसरे जिनविम्व की प्रतिष्ठा (ले० १०) वि० सं० १३८९ में हुई हैं। उस समय किसका राज्य था, किस भट्टारक की संरक्षकता में इसकी प्रतिष्ठा हुई है तथा प्रतिष्ठाकारक कौन व्यक्ति था यह सब इस जिनविम्ब पर अंकित मूर्तिलेख से कुछ भी पता नहीं चलता।

२३. गोलाराड्

इन दो प्रमुख जातियों के अतिरिक्त तीसरी प्रमुख जाति गोलाराड् है। इस जाति के किसी महानुभाव द्वारा वि० सं० १५२९ में प्रतिष्ठित एक ही जिनविम्व यहाँ के वड़े मन्दिर में विराजमान है। क्रमांक १४ है।

ये तीनों इस प्रदेश की मुख्य जातियाँ नहीं हैं। खण्डेलवाल जाति के परिवार व्यापारादि के निमित्त से पूरे देश में भले ही पाये जाते हैं। फिर भी इस जाति का मुख्य निवासस्थान राजस्थान है। यही स्थिति अग्रवाल जाति की है। वैसे तो व्यापार आदि के निमित्त से इस जाति के कुटुम्ब भी पूरे देश में पाये जाते हैं। फिर भी इस जाति का प्रमुख

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आवास आगरा-दिल्ली ओर उसके आस-पास का प्रदेश ही रहा है। इस जाति के जो कुटुम्ब मारवाड़ में वसते रहे हैं उन्हें मारवाड़ी अग्रवाल कहा जाता है। तीसरी जाति गोलाराड है। इस जाति का बहुभाग भिण्ड भदावर के आस-पास आज भी विपुल मात्रा में पाया जाता है। वहीं से आकर इस जाति के वहुत से कुटुम्ब बुन्देलखण्ड में आकर वस गये हैं। इस दृष्टि से यहाँ वसनेवाली अन्य दो मुख्य जातियों के समान यह भी यहाँ की एक प्रमुख जाति वन गई है।

२५. परवार

उक्त तीन जातियों के अतिरिक्त उल्लेख योग्य एक परवार जाति है। इस जाति का प्राचीन इतिहास गुजरात और उससे लगे हुए मेवाड़ प्रदेश से प्रारम्भ होता है। मूलसंघ कुन्दकुन्दाम्नाय सरस्वती-गच्छ बलात्कारगणको माननेवाली यह सर्वाधिक प्राचीन जाति है। इस आम्नाय के प्राचीन इतिहास के अध्ययन में इस जाति का इतिहास सर्वाधिक सहायक है। यद्यपि गोलाराड् जाति के समान यह जाति भी इस प्रदेश में वसनेवाली मूल जाति नहीं है। पर मध्यकाल से बुन्देलखण्ड ही इह जाति का प्रमुख घर वन गया है। गुजरात में श्वेताम्बर आम्नाय को राज्याश्रय मिल जाने के कारण ही इस जाति ने वहाँ से निकल कर चन्देरी प्रमुख बुन्देलखण्ड को अपना प्रमुख आश्रय स्थान वनाया था।

इस जाति के जो प्राचीन मूर्तिलेख उपलब्ध होते हैं उनमें एक प्रशस्ति लेख ऐसा भी है जिसमें 'अष्टशाखा प्राग्वाटवंश'[1] अंकित है। इससे मालूम पड़ता है कि गुजरात में वसनेवाली प्राग्वाट जाति का यह एक अवान्तर भेद हैं। उत्तरकाल में यह जाति अनेक भेदों में विभक्त हुयी है। उनके नाम हैं—सोरठिया पौरवाल, कपोला पौरवाल, पद्मावती-

१. भट्टारक सम्पदाय लेखांक ४३९।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पौरवाल, गूर्जर पौरवाल, जांगड़ा पोरवाल, नेमाड़ी और मलकापुरी पौरवाल, मारवाड़ी पौरवाल पुरवार और परवार।[1]

प्राग्वाट पौरपाट और पौरवाल आदि, पर्यायवाची नाम हैं। परवार जाति का प्राचीन नाम पौरवाल या पुरवार न होकर पौरपाट या पौरपट्ट रहा है। धीरे-धीरे उसे ही वर्तमान में परवार कहा जाने लगा है। यह पौरपाट का अपभ्रंश रूप है। इस जाति के लिये प्राचीन काल में पौरवाल न कह कर पौरपाट या पौरपट्ट क्यों कहा गया है इसका भी एक इतिहास है जिसपर यथा समय प्रकाश डालने का प्रयत्न करेंगे।

प्रतिमालेखों से ज्ञात होता है कि गुजरात से निकल कर इस जाति के अधिकतर कुटुम्व सबसे पहले चन्देरी और इसके आस-पास के प्रदेश में आकर बसे हैं। तो भी वि० सं० १६ वीं १७ वीं शताब्दि के मध्य तक इस जाति का गुजरात से सम्पर्क बना रहा है।[2] इसकी पुष्टि भट्टारक सम्प्रदाय में उल्लिखित प्रशस्तिलेख क्रमांक ४३९ से तो होती ही है, श्री जिनसारण-सरण रचित नाममाला से भी होती है।

जैसा कि हम पहले संकेत कर आये हैं कि सर्वप्रथम इस जाति के कुटुम्बों ने चंदेरी और उसके आस-पास के प्रदेश को ही अपने निवास के लिये चुना था। उसके बाद क्रम से यह जाति बुंदेलखण्ड के अन्य भागों में फैली है। यही कारण है कि प्रस्तुत लेख संग्रह में ऐसा एक भी लेख नहीं उपलब्ध होता जिसे १६ वीं १७ वीं शताब्दि से पूर्व का माना जा सके। इस जाति के जो प्रचुर लेख प्रस्तुत लेख संग्रह में देखे जाते हैं वे सब १७ वीं शताब्दि से लेकर ही पाये जाते हैं। इतना अवश्य है कि वर्तमान में छतरपुर भी इस जाति के निवास का प्रमुख नगर

---

१. प्राग्वाट इतिहास पृ० ४४।

२. भट्टारक सम्प्रदाय लेखांक ४३९।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बन गया है। तथा यहाँ जिसने भी जिनमन्दिर हैं उनके निर्माण में भी इस जाति का प्रमुख हाथ रहा है।

शाह वखतराम ने जैन समाज में प्रचलित ८४ जातियों के प्रसंग ले इस जाति का नाम परवार के स्थान पर पुरवार सूचित कर इसके सात अन्तर्भेदों का उल्लेख किया है। यथा—

सात खांप पुरवार कहावै। तिनके तुमको नाम सुनावै ॥६८६॥
अठसक्खा फुनि है चौसक्खा। सेहसरडा फुनि है दोसक्खा ॥
सोरठिया अर गांगड़ जानौ। पद्मावत्या सप्तमां मांनौ[1] ॥६८७॥

इस उल्लेख में 'सेहसरडा' निश्चयतः 'छहसखा' का वाचक होना चाहिये। सोरठिया परवार और पद्मावती परवार वही होने चाहिये जिनका उल्लेख प्राग्वाठ जाति के नौ भेदों में कर आये हैं। तथा 'गांगड़' से मतलव जांडगा पोरवालों से हो तो कोई आश्चर्य नहीं। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि परवार और पौरवाड़ मूल में एक ही जाति रहे हैं। उत्तर काल में आचार भेद और प्रदेश भेद के कारण ये अलग-अलग जातियों में विभक्त होते गये। आम्नाय भेद तो इसमें मूल कारण है ही। यहाँ विशेष रूप से इस बात का उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है कि परवार, अग्रवाल, गहोई और चरनागरे इन चारों जातियों के अधिकतर गोत्र आपस में मिलते जुलते हुए पाये जाते हैं। हो सकता है कि प्रारम्भ में इन जातियों के मूल पुरुष एक रहे हों। जो कुछ भी हो, यह गवेषणा का विषय अवश्य है।

प्रस्तुत लेख संग्रह में इस जाति का प्रथम लेख वि० सं० १६९४ का है। प्रतीत होता है कि इसमें उल्लिखित पं० गुनदास से पं० गुणदास लिया गया है। सम्भवतः ये परवार थे (लेखांक ६३)। दूसरा लेख वि० सं० १७१३ का है। इसमें जो यह मुद्रित हुआ है—'पारपदे अष्टसप्तया

---

१. बुद्धिविलास पृ० ८६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिवाकर मूल का सिद्धगोत्रे' सो उसका सही पाठ 'पौरपाटे अष्टसखा दिवाकर कासिल्लगोत्रे' होता है। (लेखांक ६४)

यहाँ श्री जिनतारण तरण समाज द्वारा स्थापित एक चैत्यालय था, जिसमें ५०-६० वर्ष पूर्व उसी समाज के कुछ प्रमुख भाईयों द्वारा जिन-मूर्ति स्थापित हो जाने से उसने जिन गृह का रूप ले लिया है।

यहाँ दो सौ वर्ष पुराना एक ऐसा भी मन्दिर है जिसे स्थानीय लोगों ने क्लब के रूप में परिवर्तित कर लिया है। इसके निर्माता स०सिं० मंजु के सुपुत्र वच्छरमन रहे हैं। इनके द्वारा प्रतिष्ठित अनेक जिनविम्ब यहाँ के बड़े मन्दिर में विराजमान हैं। इस वंश के उत्तरा-धिकारी इस समय जबलपुर समाज के प्रमुख पंच हैं। ये तीन भाई हैं। इनके नाम क्रम से स० सिं० भायजी हर्षचन्द्र जी, सुमेरचन्द्र जी और वंशीलाल जी हैं। इस परिवार द्वारा काफी प्रयत्न करने पर भी उसे वापिस लेकर पुनः जिनमन्दिर का रूप नहीं दिया जा सका है। जैन समाज सवसे छोटी अल्पसंख्यक समाज होने के कारण वर्तमान सरकार में वार-वार गुहार करने पर भी कोई सुनाई नहीं होती है। कहने के लिये तो यह सेक्युलर सरकार है। पर वस्तुस्थिति यह नहीं है। इस (सरकार) पर प्रभुत्व सवसे वड़े उस अल्पसंख्यक समाज का वना हुआ है जो संगठित होकर और अपने अधिकारों के लिये जागरूक है।

इस लेख संग्रह में ऐसे भी अनेक लेख पाये जाते हैं जिनमें इस जाति के लिये परवारवंश कहा गया है (लेखांक ९७-९८ आदि) तथा ऐसे भी अनेक लेख उपलब्ध होते हैं जिनमें इस जाति के लिये परवार-नयते शब्द से संवोधित किया गया है (लेखांक ११३-११४ आदि)।

२२. गोलापूर्व अन्वय

इस प्रदेश में निवास करनेवाली तीसरी मुख्य जाति गोलापूर्व है। लगता है कि बहुत काल से इस जाति का मूल निवास स्थान यही प्रदेश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहा है। महोवा, छतरपुर, वड़ा मलहरा, द्रोणगिरि, रेशिंदीगिरि, अहारजी, पपोराजी आदि से लगकर जितना भी प्रदेश वर्तमान में उपलब्ध होता है वह चिरकाल से इस जाति का मूल निवास स्थान वना हुआ है। इसकी पुष्टि प्रस्तुत लेख संग्रह से तो होती ही है और भी ऐसे अनेक प्रमाण पाये जाते हैं, जिनसे इस तथ्य का समर्थन होता है। यथा—

(१) प्रस्तुत लेख संग्रह में वि० सं० १२०२ (लेखांक १७०) का ऐसा प्रथम लेख है जिसमें सर्वप्रथम मात्र इस जाति का उल्लेख दृष्टि-गोचर होता है। वैसे इस लेख संग्रह में वि० सं० १०२५ (लेखांक १७८) तक के लेख संगृहीत हैं पर इसमें वि० सं० १२०२ से पूर्व के जितने भी लेख संगृहीत हुए हैं उनमें ऐसा एक भी लेख नहीं है जिसमें किसी भी जाति या नाम को उल्लिखित किया गया हो। इससे यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि इस सम्भाग में बसनेवाली यह प्रथम जैन जाति है। इसके अतिरिक्त इस तथ्य के समर्थन में ऐसे और भी अनेक प्रमाण उपलब्ध होते हैं। विवरण इस प्रकार है—

(२) ललितपुर से लगभग १ मील दूर स्टेशन रोड पर क्षेत्रपाल एक रमणीक क्षेत्र है। इसके परिसर में अति उन्नत कुर्सी पर एक परकोटा में अनेक जिन मन्दिर निर्मित हैं। उनके मध्य में जो जिन मन्दिर निर्मित हुआ है उसमें स्थित मूल नायक जिन बिम्ब इसी जाति के सद्गृहस्थ द्वारा महोवा में प्रतिष्ठित कराया गया है। महोवा से लाकर यह जिनबिम्व कब किस के द्वारा यहाँ के इस जिन मन्दिर में विराजमान किया गया है यह अज्ञात है। इसके पाद पीठ पर अंकित लेख को मैंने स्वयं पढ़ा है उसके अनुसार महोवा स्थित गोलापूर्व जाति के किसी सद्गृहस्थ ने इस जिनबिम्ब की वि० १२ शताब्दि के आस-पास प्रतिष्ठा कराई थी। इसके बाद इसी क्षेत्रपाल में प्रदक्षिणा क्रम से जो दूसरा मन्दिर मिलता है उसकी वेदी पर स्थित जिनबिम्ब भी इस जाति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के किसी सद्गृहस्य द्वारा प्रतिष्ठित करा कर महोवा से लाकर इस मन्दिर में विराजमान किया गया है। इस पर अंकित वि० संवत् भी लगभग वही है।

(३) अहार जी अतिशय क्षेत्र

अहार जी क्षेत्र पर पुरातत्त्व की दृष्टि से जितने भी जिनविम्ब वर्तमान में उपलब्ध होते हैं वे अनेक जातियों के सद्गृहस्थों द्वारा प्रतिष्ठित कराये गये होते हुए भी इस जाति के सद्गृहस्थों द्वारा प्रतिष्ठित जिनबिम्ब सब से अधिक हैं। प्रमाणस्वरूप एक प्रतिमा लेख यहाँ दे रहे हैं जिससे वहुत पूर्व काल से यह जाति इस सम्भाग में बसती आई है यह समझने में आसानी जाती है। यथा—

सम्वत् १२०३ माघ सुदी १३ गोलापूर्वान्वये साहु भावदेव भार्या जसमती पुत्र लक्षीमन प्रणमन्ति नित्यम्।

यहाँ का बहुत सा पुरातत्त्व नष्ट हो गया है। जो बच रहा है उसमें से बहुत सा पुरातत्त्व समाज की अदूरतावश जलमग्न कर दिया गया है। पूरे पुरातत्त्व की गणना में जो शेष बचा है वह एक रुपये में १० पैसे के बराबर भी नहीं है। इस लिये इस पर से यह निश्चय करना कठिन है कि यह क्षेत्र कितना प्राचीन है और इसे मूर्त रूप सर्वप्रथम किस जाति के सद्गृहस्थों ने दिया था। गोलापूर्व जाति के परिवार इस सम्भाग के चिरनिवासी हैं, इस लिये बहुत सम्भव है कि किसी ऐतिहासिक पुरुष की पुण्यस्मृति में इस जाति के सद्गृहस्थ द्वारा ही प्रारम्भ में इसे मूर्तरूप दिया गया होगा। पर यह एक सम्भावना मात्र है। निश्चय पूर्वक तत्काल कुछ भी कह सकना सम्भव नहीं है। यह क्षेत्र यहाँ प्राप्त होनेवाली पुरातत्त्वीय सामग्री को देखते हुये हजार-पन्द्रह सौ वर्ष प्राचीन तो होना ही चाहिये। यहाँ पुरातत्त्वीय जो सामग्री शेष बच गई है उससे जातियों मुनि-आर्यिकाओं, भट्टारकों, पण्डितों और श्रावक-श्राविकाओं के इतिहास को समझने में बड़ी सहायता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिलती है। ऐसी बहुत सी जातियों का पता इस क्षेत्र पर प्रतिष्ठित जिनबिम्वों के पादपीठ पर अंकित लेखों से लगता है जिनका वर्तमान में अस्तित्व ही नहीं पाया जाता। इस दृष्टि से इस क्षेत्र पर स्थित मूर्तिलेख बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

(४) पपोरा जी अतिशय क्षेत्र

इस सम्भाग में स्थित एक पपौरा अतिशय क्षेत्र है। यह टीकमगढ़ से कुल ३ मील दूर है। इसे यदि जिनमन्दिरों की नगरी कहा जाय तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी। यहाँ सब मिलाकर एक परकोटे में १०५ जिनमन्दिर हैं। यहाँ एक चौवीसी भी है। मध्य में एक मन्दिर है। उसके चारों ओर चारों दिशाओं में छह-छह मन्दिर हैं। इसमें सब मन्दिरों की सम्मिलित परिक्रमा तो है ही, प्रत्येक मन्दिर की भी पृथक्-पृथक् परिक्रमा है। सम्भवतः प्रारम्भ में इसकी रचना को मूर्त रूप इसी जाति के एक सद्गृहस्थ ने दिया था। यह कितनी पुरानी है यह कह सकना कठिन है, क्योंकि पपौरा दर्शन पुस्तक के देखने से मालूम पड़ता है कि इसमें एक मन्दिर की मूर्ति पर वि० सं० १८४० अंकित हैं। जब कि शेष जिनबिम्वों पर १९१६ अंकित किया गया है।

यहाँ दो भूगृह (भोंयरे) भी हैं। जिनमें से एक भूगृह में प्रतिष्ठित एक जिनबिम्ब पर वि० सं० १२०२ आषाढ वदी १० बुधे दिने गोला पूर्वान्विन्ये अंकित है। तथा दूसरे जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा भी इसी दिन हुई थी। मात्र इसका करानेवाला भोपाल निवासी गोलापूर्व सद्-गृहस्थ है।

यहाँ प्राचीन कुछ ऐसे कला के नमूने अवश्य हैं जिनको देखने से ऐसा लगता है कि यह क्षेत्र इससे भी पुराना होना चाहिये। जो कुछ भी हो इस क्षेत्र के निर्माण में गोलापूर्व जाति का प्रारम्भ में प्रमुख योग-दान रहा है यह यहाँ के भूगृह और चौबीसी के अवलोकन से स्पष्ट हो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाता है। इतना आवश्य है कि उत्तर काल में इसकी सार सम्हाल में पौरपाट (परवार) जाति का विशेष योगदान रहा है।

यहाँ श्री भ० चन्द्रप्रभ मन्दिर में खड्गासन जिनबिम्ब के नीचे स्वतन्त्र शिला पर वि० सं० १५२४ का एक लेख अंकित है। 'पपौरा बैभव पुस्तक के अवलोकन से मालूम पड़ता है कि यह लेख अत्यधिक घिस जाने से पढ़ा नहीं जा सका। यदि यह पढ़ा जा सकता तो क्षेत्रके इतिहास को समझने में कुछ सहायता मिलती यह सम्भव था।

(५) द्रोणगिरि सिद्ध क्षेत्र

इस सम्भाग में बड़ा मलहरा के पास जो क्षेत्र है उसका नाम द्रोणगिरि है यहाँ से गुरुदत्त आदि मुनि मोक्ष गये हैं, इसलिये इसे सिद्ध क्षेत्र होने का गौरव प्राप्त है। उत्तर काल में यहाँ उनके चरण चिह्न स्थापित कर दिये गये हैं।

यहाँ प्राचीन काल के अवशेष आज भी पाय जाते हैं। जिनपर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रारम्भ से ही सिद्ध-क्षेत्रों में इसकी गणना होती आ रही है। इसके स्पष्ट समझने के लिये आपको मन्दिर संख्या २१, २४ और २८ को दृष्टि में लेना होगा।

श्री जिन मन्दिर २१ में पद्मासन और खड्गासन श्री आदिनाथ जिनकी दो प्राचीन मूर्तियाँ अवस्थित हैं जिनमें कंधे तक जटा लटके हुए हैं तथा जो छत्रत्रय और भामण्डल आदि शोभायुक्त हैं। जिनबिम्बों के दर्शन करने से सहज ही गौरवमय अतीत की झलक मिलती है।

तथा श्री जिन मन्दिर चौवीस में ऐतिहासिक एक कूट है जो सैकड़ों छोटी बड़ी खड्गासन और पद्मासन मूर्तियों से सुशोभित है। इसे न तो सहस्र कूट चैत्यालय की ही संज्ञा दी जा सकती है और न मानस्तम्भ की ही संज्ञा दी जा सकती है। इसमें नीचे के भाग में दो उपासक बैठे हुए हैं तथा उनके बगल में दो इन्द्र या द्वारकी शोभा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बढ़ानेवाले दो सेवक अवस्थित है। इसमें एक ऐसा भी जिनविम्ब प्रतिष्ठित है जिसके पृष्ठ भाग में अशोक वृक्ष अंकित है। सबसे नीचे कमलादि नाना अलंकरणों से युक्त अनेक देवी देवता अंकित हैं। एक देवी के आँचल को स्पर्श करता हुआ एक बालक अवस्थित है। सबके अन्त में हाथ में पुस्तक लिये हुए एक देवी अंकित की गई है, बगल में हंस है। सम्भवतः यह सरस्वती देवी का प्रतीक है।

इसी प्रकार जिन मन्दिर २८ में भी देशी पाषाण निर्मित एक जिनबिम्ब अवंस्थित है। आसन के नीचे बीच में कलश लिये हुए दो हाथी दिखाये गये हैं। नीचे से ऊपर छोटे होते हुए कई चक्र हैं। अन्तिम चक्र पर एक मन्दिर अंकित किया गया है। हाथी की झूंड़ पर भी एक मन्दिर में एक पद्मासन मूर्ति अंकित की गई है। इसके सिवाय इसमें और भी जिनविम्ब उकेरे गये हैं। यह एक मूर्ति के आसन का रूप है इसके सिवाय यहाँ प्राचीन और भी अनेक मूर्तियाँ विराजमान हैं।

सबके अन्त में अलग से एक छायादार स्थान में देशी पाषाण की एक प्राचीन वेदिका निर्मित की गई है। उसमें दक्षिण की ओर तपस्या करते हुए तीन मुनि दर्शाये गये हैं। पश्चिम, उत्तर और पूर्व दिशा में सुकुमाल मुनि का गृहस्थ अवस्था से लेकर पूरा चरित्र अंकित किया गया है। इसी से लगकर एक प्राचीन गुफा भी है। जो अपेक्षाकृत प्राचीन मालूम पड़ती है।

यह इस सिद्धक्षेत्र का पुरातत्त्व है। कब-कब किन सद्गृहस्थों ने इस क्षेत्र को यह रूप प्रदान किया है इस सम्बन्ध में तत्काल कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे इतना ही पता लगता है कि सुदूर प्राचीन काल से इसे सिद्धक्षेत्र का स्वरूप मिला हुआ है। जो बन्धु किसी विवक्षित ग्राम आदि के व्यामोह में पड़ कर या इतिहास की टांग खींच कर इसकी ऐतिहासिकता को धूमिल करने का विचार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रखते हैं यह उनकी नासमझी है। उत्तर काल में इसकी सार-सम्हाल करने में इस सम्भाग में बसनेवाली गोलापूर्व जाति का विशेष योगदान रहा है इसमें सन्देह नहीं।

इनके अतिरिक्त यत्रन्तत्र जिनमन्दिरों में और भी अनेक प्राचीन जिनविम्ब अवस्थित हैं। इससे भी विदित होता है कि सुदूर अतीत काल में यह सिद्धक्षेत्र के रूप में माना पूजा जाने लगा था।

यहाँ लगभग ५-७ ऐसे भी जिनबिम्ब विविध जिनालयों में विराजमान हैं जिनकी प्रतिष्ठा भट्टारक जिनचन्द्र के नेतृत्व में मुड़ासा-निबासी जीवराज पापड़ीवाल ने वि० सं० १५४८ और उसके आस-पास के संवतों में कराकर उन जिनविम्बों को देश के कोने-कोने तक भिजाया था। उस काल में भट्टारक जिनचन्द्र दिल्ली-जयपुर शाखा के पट्टपर अधिष्ठित थे।

(६) रेशंदीगिरि

इसी प्रकार सागर से बड़े मलहरा को जो पथ (सड़क) जाता है उसपर अवस्थित बण्डा के पास मुख्य मार्ग से १५-२० किलोमीर हट कर बाजू में जो निर्वाण क्षेत्र है उसका नाम रेशंदीगिरि है। वर्तमान में इसे नैनागिरि भी कहते हैं। 'कहते हैं कि चंदेलवंश के एक राजा के नाम पर ९ वीं शताब्दि से इसे नैनागिरि कहा जाने लगा है। तथ्य क्या है यह हमारे सामते नहीं है। निर्वाण काण्ड में यह गाथा आई है—

पासस्स समवसरणे सहिया वरदत्तादिमुणिवरा पंच।
रेशंदीगिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

निर्वाण की इस गाथा परसे मालूम पड़ता हैं कि भ० पार्श्वनाथ के समवसरण के साथ वरदत्त आदि पाँच ऋषिराज यहाँ आये थे उनकी यह निर्वाणभूमि होने से इसका नाम रेशंदीगिरि अर्थात् ऋषीद्रगिरि प्रख्यात हुआ। यह पूरा क्षेत्र एक पहाड़ी की समतल भूमि पर अवस्थित है। क्षेश मनोज्ञ और ध्यानके लिये उपयोगी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस क्षेत्र के पास पुरातत्त्व के ऐसे अवशेष आज भी पाये जाते हैं जिन पर दृष्टिपात करने से लगता है कि यहाँ कोई नगर अवश्य रहा होगा। यहाँ जंगल में ५२ गज लम्वी प्राचीन एक वेदिका भी वनी हुई है। तथा नदी के बीच धारा में करीव ४०-५० फीट ऊँची एक शिला भी अवस्थित है जिसे सिद्धशिला कहा जाता है। उस पर लाल रंग के अनेक सुन्दर चित्र भी अंकित हैं। ऐसी जनश्रुति प्रसिद्ध है कि वरदत्त आदि ऋषिराजों ने इसी स्थान से मुक्ति लाभ लिया था।

यहाँ जमीन से खुदाई करने पर एक प्राचीन जिनमन्दिर निकला था। जिसकी क्रम संख्या ११ है। इसमें खड्गासन और पद्मासन देशी-पाषाण निर्मित अनेक प्राचीन मूर्तियाँ अवस्थित हैं। उनपर 'किन तीर्थंकरों की ये मूर्तियाँ हैं' इसे सूचित करनेवाला पादपीठ पर कोई चिह्न नहीं है और न ही कोई लेख भी अंकित है। मात्र उनमें से एक मूर्ति अवश्य ही पार्श्वनाथ की है और एक मूर्ति भ० आदिनाथ की है।

'ऋषीन्द्रगिरि (नैनागिर) दर्शन' पुस्तक से मालूम पड़ता है कि इस मन्दिर का निर्माण वि० सं० ११०९ में हुआ था। मन्दिर की दीवाल में एक शिलालेख जुड़ा हुआ है। उससे इस बात का पता लगता है। स्थापत्य की दृष्टि से यह दर्शनीय है। यहाँ पहाड़ी पर निर्मित कुल मन्दिरों की संख्या ३५ और तलहटी में निर्मित मन्दिरों की संक्या १५ है। यहाँ विशाल स्वाध्याय भवन और अच्छी स्थिति में धर्मशालाऐं हैं। यहाँ पहाड़ी के नीचे तालाब में भी एक मन्दिर बना हुआ है। जिससे इस सिद्ध क्षेत्र की शोभा द्विगुणित बढ़ गई है। उसका निर्माण तालाब पूरा होने के पूर्व हुआ होगा ऐसा प्रतीत होता है। उस काल में यह वहुत बड़ा काम था जिसे गृहस्थों ने उस काल की परिस्थिति को देख कर योग्यतापूर्वक सम्पन्न करने में अपने जीवन का वहुभाग व्यतीत किया होगा।

यहाँ के जिनमन्दिरों में कुछ और भी जिनबिम्ब अवस्थित हैं। उनमें से एक जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा भट्टारक त्रिभुवन कीर्ति के नेतृत्व में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वि० सं० १५३३ में हुई है। एक जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा भट्टारक धर्मकीर्ति के नेतृत्व में वि० सं० १६६५ में हुई है। एक जिनबिम्ब की प्रतिष्ठा भट्टारक पद्मकीर्ति के उत्तराधिकारी भट्टारक सकलकीर्ति के नेतृत्व में वि० सं० १७१८ में हुई है। एक जिनबिम्ब ऐसा भी है जिसकी प्रतिष्ठा भट्टारक सकलकीर्ति के नेतृत्व में वि० सं० १७६५ में प्रतिलिपिकार ने अंकित की है जो विचारणीय है। ये सब भट्टारक चंदेरी परवारपट्ट के पट्टधर थे यह कई ऐतिहासिक प्रमाणों से सुनिश्चित हो गया है।

यहाँ कुछ काल पूर्व कतिपय सद्गृहस्थों ने, इन्द्रदत्त, वरदत्त, गणदत्त और सायरदत्त आदि जिन ५ ऋषियों ने यहाँ से मुक्ति लक्ष्मी को वरण किया था, पादपीठ पर उनके नाम अंकित करा कर मूर्तियाँ स्थापित कराने रूप, यह नई परम्परा चालू कर दी है, वैसे जिस स्थान से जो ऋषिगण मोक्ष प्राप्त करते हैं उस स्थान पर उनके चरणचिह्न अंकित करने की पुरानी परम्परा रही है। श्री सम्मेदाचल और कुण्डलगिरि (कुण्डलपुर) आदि पर स्थित चरणचिह्नों से इसकी पुष्टि होती है। तीर्थङ्करों के अतिरिक्त मोक्ष जानेवाले अन्य ऋषियों के बिम्बों की स्थापना करने की परम्परा १० वीं ११ वीं शताब्दि से अवश्य ही चालू हुई है। अब तो उसकी कोई मर्यादा ही नहीं रही है। जो सामान्य मुनि हैं, भले ही उनका आचार आम्नायके अनुसार इस समय आगमानुसार न भी हो, वे भी अपनी अपने शरीर के अनुरूप तदाकार मूर्तियाँ बनवाकर जिन-मन्दिरों में अलग से स्थापित कराने लगे हैं। इसमें कतिपय वर्तमान विद्वान् और गृहस्थ भी आँख मीचकर उनका सहयोग कर रहे हैं जो विचारनीय है। यह जिन मार्ग की विकृति कहाँ समाप्त होगी, कह नहीं सकते।

इस क्षेत्र को सुदूर अतीत काल में मूर्तरूप किन सद्गृहस्थों ने दिया या यह कह सकना तो कठिन है पर उत्तर काल में यहाँ जिनमन्दिरों आदि के रूप में जितना भी निर्माण हुआ है इसमें परवार और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



भगवान शान्तिनाथजी (१२ फुट ८ इंच ऊँचा)

(श्री बहोरीबन्द अतिशय क्षेत्र)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गोलापूर्व दोनों जातियों का प्रमुख हाथ है यह मूर्तिलेखों पर अंकित प्रशस्तियों आदि से स्पष्ट हो जाता है।

(८) श्री बहोरीबन्द अतिशय क्षेत्र

श्री बहोरीबन्द क्षेत्र कैमूर पहाड़ी का एक भाग है। यह जबलपुर से ६४ कि० मी० और सिहोरा से २४ कि० मी० दूरी पर इसी नाम के ग्राम में अवस्थित है। यहाँ जैन, बौद्ध और वैदिकों के धर्मायतन होने से इसकी परिगणना सभी के तीर्थस्थानों में की जाती है। पुरातत्त्व की दृष्टि से यह पूरा प्रदेश महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यहाँ कई पुरातत्त्वीय सामग्री पाई जाती है। उसमें अशोक का शिलालेख मुख्य है। यह रूपनाथ में अवस्थित है। यहाँ पुराने तीन कुण्ड भी हैं।

जैन धर्म के अनुसार बहोरीबन्द को मान्यता मिलने का मुख्य कारण वहाँ अवस्थित भगवान शान्तिनाथ की सतिशय खड्गासन मूर्ति है। इसका विग्रह १३ फुट ८ इंच ऊँचा है। अजैनों में इसकी मान्यता विशेष रही है। जैन वर्तमान में व्यापार प्रधान जाति है। इसलिये इसमें अन्य तीन पुरुषार्थोंमें धर्म और मोक्ष पुरुषार्थ की अपेक्षा अर्थ और काम पुरुषार्थ की मुख्यता देखी जाती है। इसीलिये चोट खाने के बाद यह जब चेतती है तब तब बहुत कुछ खो चुकी होती है। दूसरे दिगम्बर जैनों में किसी का अनुशासन न रहने से भी इसकी यह स्थिति बनती जा रही है। यही स्थिति बहोरीबन्द के विषय में भी हुई है। प्रसन्नता की बात तो इतनी ही है कि अब इसकी सारसम्हालकी ओर समाज का थोड़ा ध्यान गया है। इसके लिये सिहोरा निवासी ब्र० कल्याणदास जी विशेष धन्यसाद के पात्र हैं।

मूर्ति के ३ फुट ८ इंच ऊँचे पादपीट पर ७ पंक्ति का एक लेख अंकित है। उसका मूल पाठ इस प्रकार है—

स्वस्ति श्री वि० सं० १०···फाल्गुन वदी ९ भौमे श्रीमद्गया-गर्णदेवविजयराज्ये राष्ट्रकूटकुलोद्भवमहासामन्ताधिपतिश्रीमद्-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गोल्हणदेवस्य प्रवर्धमानस्य श्रीमद्गोलापूर्वाम्नाये वेल्लप्रभाटिकाय-मुरुकुताम्नाये तर्क-तार्किकछत्रचूडामणिश्रीमन्माधवनन्दिनानुगृहीत-साधुश्रीधर तस्य पुत्रः महाभोजः धर्मध्यानाध्ययनरतः। तेनेदं कारितं रम्यं शान्तिनाथस्य मन्दिरम्। स्वलास्यमसंज्ञकसूत्रधारः श्रेष्ठिनामा। तेन वितानं च महाश्वेतं निर्मितमिति सुन्दरम्। श्रीचन्द्रकराचार्याम्नाये देशीयगणान्वये सयस्तविद्याविनयानन्दित-विहज्जनाः प्रतिष्ठाचार्याः श्रीमन्तः सुभद्राः चिरं जयन्तु[1]।

यह एक ऐतिहासिक लेख है जो उस संभाग के बहोरीबन्द में अवस्थित तीर्थंकर भ० शान्तिनाथ के पादपीठ से लिया गया है। इस सम्भाग में महोवा-छतरपुर से लेकर बहोरीबन्द तकके क्षेत्रमें गोलापूर्व जाति चिरकाल से निवास करती आ रही है। इस लेख में जिन तथ्यों को उद्‌घाटित किया गया है उनका क्रम से निर्देश इस प्रकार है—

(१) जिस काल में इस मूर्ति का निर्माण होकर उसकी प्रतिष्ठा हुई थी उस समय गयाकर्णदेव का राज्य प्रवर्त्त रहा था जिसका संचालन राष्ट्रकूट कुल में उत्पन्न हुए महासामन्तों में प्रमुख श्री गोल्हणदेव कर रहे थे। पादपीठ में अंकित इस लेख से किस संवत् का यह लेख है इसका ठीक निर्णय इसलिये नहीं हो पा रहा है, कारण कि उसमें जो संवत् अंकित है वह चार अंको में रहा है। प्रारम्भ के दो अंक १० तो पढ़े जा सकते हैं, अन्त के दो अंक त्रुटित हो जाने से पढ़े नहीं जा सकते। वह शक सं० १०७० के आस-पास कुछ रहा होगा यह श्री बालचन्दजी जैन भू० पू० क्यूरेटर जवलपुर सम्भागने 'भारत में दिगम्बर जैन तीर्थं' नामक ग्रन्थके अपने लेखमें किवा है। इसलिये उसे वि० सं० १०१० प्रचारित करना ठीक नहीं है।

---

१. यह लेख इन्सिक्रिप्सन्स आफ दी कलुचरि चेदिय पृ० ३३९ जैन शिलालेख भाग ४ पेज १५९ से उद्‌धृत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) इस विशालकाय महामनोज्ञ मूर्ति और उसके अनुरूप जिन मन्दिर के निर्माता और उसके प्रतिष्ठा कारक धर्मध्यान और अध्ययन में रत श्रेष्ठिवर्य महाभोज हैं। इनके पिता श्रीधर थे। जाति गोलापूर्व है। वेल्लप्रभाटिकायमुरुकृत आम्नाय में एक तर्कतार्किकचूड़ामणि आचार्य महानन्दि हो गये हैं। उनसे अनुग्रीत होकर ही इन्होंने यह भव्यजन हितकारी धार्मिक कार्य सम्पन्न किया था।

(३) जो इसके प्रतिष्ठाचार्य थे वे भी सामान्य पुरुष नहीं थे। वे अपने समस्त लौकिक और पारलौकिक विद्या से सम्पन्न तो थे ही। साथ ही विनय सम्पन्नता उनका भूषण था। जिससे विद्वज्जन उनकी सन्निधि पाकर आनन्द का अनुभव करते थे। उनका नाम सुभद्र था। लेख से मालूम पड़ता है कि प्रतिष्ठाकारक के समान वे भी श्रीमन्त थे। देशीयगण अन्वय में हुए श्रीचन्द्र आचार्य की आम्नाय के वे उपासक थे। यह देशीयगण मूलसंघ कुन्दकुन्द आम्नाय के अन्तर्गत दक्षिण प्रदेश की एक शाखा है। वेल्लप्रभाटिकायमुरु यह नाम इसी लेख में दृष्टिगोचर हुआ है। सम्भवतः यह देशीयगण का ही ग्राम के नाम पर एक गच्छ होना चाहिये। इसमें आया हुआ 'मुरु' शब्द अर्थगर्भ हो सकता है। चन्द्रगुप्त मौर्यवंश के चक्रवर्ती जैन राजा थे। वे मुनिपद में दीक्षित होकर अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहु के साथ दक्षिण में गये थे। उनके साथ मौर्यवंश के कुछ सद्गृहस्थ भी गये हों और उन्हीं के सन्तानों के नाम पर वहां पर मुरुवंश की स्थापना हुई हो तो कोई आश्चर्य नहीं। यह सम्भावनामात्र है। ऐतिहासिक विद्वानों को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

(४) जिस सूत्रधार ने इस विशाल जिनमन्दिर का निर्माण किया था, उक्त लेख से उसका नाम 'स्वलास्य' मालूम पड़ता है। मन्दिर को इस लेख में महाश्वेत सुन्दर वितान कहा गया है। मालूम पड़ता है कि इसका निर्माण सफेद संगमरमर से हुआ हो तो कोई आश्चर्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं। 'वितान' कहने का यह कारण प्रतीत होता है कि इसका मण्डप और ऊपरी भाग अतिविस्तृत रहा होगा।

यह इस लेख का संक्षिप्त विवरण है। यह गोलापूर्व अन्वय द्वारा लगभग महोबा और उसके आस-पास के प्रदेश में पाई जानेवाली जिन-मूर्तियों के पादपीठ पर अंकित लेखों के समय का प्रतीत होता है। इससे इस अन्वय का अस्तित्व इस प्रदेश में आज से कम से कम हजार वर्ष पूर्व तक रहा है यह सिद्ध हो जाता है।

इस अन्वय के सद्गृहस्थ मूल में इसी प्रदेश के निवासी थे या बाहर से आकर उन्होंने इस प्रदेश को अलंकृत किया है, सम्भवतः यह निश्चित करने में इस लेख से कुछ सहायता मिले।

इस प्रतिमा लेख में महासामन्ताधिपति गोल्हणदेव का नाम आया है। बहुत सम्भव है कि उत्तर काल में महासामन्ताधिपति पद का परित्याग कर और मुनि पद अंगीकार करके ये गोल्लाचार्य नाम से प्रसिद्ध हुए हैं। जैन शिलालेख संग्रह भाग १ लेख क्रमांक ४० में जिन गोल्लाचार्य के विषय में जो यह लिखा है कि 'मूलसंघान्तर्गतनन्दिगण के प्रमुख भेद देशीयगण में एक गोल्लाचार्य हो गये हैं। गृहस्थ अवस्था में ये गोल्लदेश के अधिपति राजा थे। उन्होंने किसी कारण से संसारका परित्याग कर जिन दीक्षा अंगीकार कर ली थी।'' उससे उक्त तथ्यका बहुत अंश में समर्थन होता है। ऐतिहासिक विद्वान् इस पर विचार करें यह आग्रह है।

वैसे सीकर की समाज द्वारा चरित्र धर्मप्रकाश नामक एक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। उसके अन्त में नागौर के ग्रन्थागार से लेकर मूलसंघ नन्दि-आम्नाय की एक पट्टावलि मुद्रित की गई है। उसमें इस पट्ट के आचार्यों में सर्वप्रभम क्रमांक १२ पर गोलापूर्व अन्वय में उत्पन्न हुए गुणनन्दि का नाम आया है। वे वि० सं० ३५३ में पट्टधर आचार्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हो गये हैं। इसके संकलन का आधार क्या रहा है यह तो अभी प्रकाश में नहीं आया है, पर इससे इतना सुनिश्चित हो जाता है कि इन जातियों का अस्तित्व पुराने काल से चला आ रहा है। उन्हें ८ वीं शताब्दि के बांद की या उसके आसपासकी स्वीकार करना यह कोरी कल्पना मात्र ही है।

दीपावली
ता० १५-११-८२

फूलचन्द्र शास्त्री
वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपनी बात

मध्य प्रदेश के अंचल में स्थित छतरपुर जिला अपना विशिष्ट स्थान रखता है। विशेषतः पुरातत्त्व एवं कला की दृष्टि से तो निर्विवाद रुप से यह जिला महत्त्वपूर्ण है। मूर्ति एवं स्थापत्य कला का धनी विश्व प्रसिद्ध खजुराहो छतरपुर जिले का ही महत्त्वपूर्ण कला केन्द्र है। इस जिले में पावन भूमि सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि, सिद्धक्षेत्र रेशन्दीगिरि (नैनागिरि) ऊर्दमऊ, खजुराहो, अचट्ट, जगतसागर, खटोला, वधा सिमरिया एवं आसपास के स्थानों में कलाकृतियों का अपूर्व संग्रह छिपा पड़ा हुआ है। निश्चित ही ये मूर्तिशिल्प हमारी संस्कृति और इतिहास की अमूल्यनिधि हैं। मूर्ति प्रशस्ति लेखों से तो जातियों का प्रामाणिक इतिहास ही वनता है। छतरपुर जिले के प्रायः उन नगरों में जिनमें जैनसमाज रहती हैं और जैनमन्दिर हैं, उनमें स्थापित जैन मूर्तियों की पाद पीठ पर अंकित प्रशस्ति लेख महत्त्वपूर्ण हैं। ये मूर्ति प्रशस्ति लेख मूर्ति प्रतिष्ठा के समय अंकित किये जाते हैं जिसमें आम्नाय, जातियों वंशों कालक्रम आदि का उल्लेख रहता है और आगे चलकर कुछ वर्षों पश्चात् वे ही लेख इतिहास के आधार वन जाते हैं।

भगवान महावीर २५०० वाँ निर्वाण महोत्सव वर्ष १९७४-७५ में जैन संस्कृति के विकाश तथा यत्रतत्र विखरी हुई पुरातत्त्वीय सामग्री के संरक्षण की योजनायें देशभर में बनायी गई थी। रीवाँ संभाग क्षेत्रीय समिति का मंत्री होने के नाते मैंने भी रीवाँ, पन्ना, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, सीधी और शहडोल जिलों के लिये जो उस समय रीवाँ संभाग में थे, पुरातत्त्व के संकलन, संरक्षण की योजना को अन्तिम रुप दिया जिसमें जैन मूर्तिलेखों, शिलालेखों के संकलन का कार्य भी था। इस योजना के अन्तर्गत कई जिलों में इस तरफ पर्याप्त कार्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्पन्न किया गया। छतरपुर जिला समिति का भी मंत्री होने तथा इस तरफ विशेष रुचि होने के नाते छतरपुर जिले के संकलन का कार्य मैंने किया। सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि, सिद्धक्षेत्र रेशन्दीगिरि तथा अधिकांश नगरों में स्वयं जाकर मूर्ति प्रशस्ति लेखों का संकलन किया। संकलित मूर्ति प्रशस्ति लेख निश्चित ही महत्त्वपूर्ण हैं, परन्तु अर्थाभाव तथा समाज द्वारा अपेक्षित, अनुकूल सहयोग प्राप्त न हो सकने के कारण इन्हें उस समय प्रकाशित नहीं कर पाया। इसी बीच मार्च १९८० में रीवाँ विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में श्री डॉ० नन्दलाल जी अध्यक्ष विज्ञान संकाय शासकीय महिला महाविद्यालय रीवाँ के संयोजकत्त्व में जैन विद्या संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उसमें छतरपुर जिले के जैनमूर्ति लेख, जो मेरे पास संकलित थे पर श्री डॉ० प्रो० वीरेन्द्र कुमार जी संस्कृत विभाग महाराजा महाविद्यालय छतरपुर ने शोध निवन्ध लिखा और संगोष्ठी में पढ़ा गया। उस संगोष्ठी में इन मूर्ति लेखों के महत्त्व का मूल्यांकन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों ने एक मत से इस प्रकार के प्रशस्ति लेखों के प्रकाशन की आवश्यकता महसूस की। उसी समय से मेरे मन में इस अमूल्यनिधि को प्रकाशित करने का विचार था।

छतरपुर नगर में स्थित ५ विशाल जिनालय, चैत्यालय, डेरा पहाड़ी, जिलाध्यक्ष कार्यालय के समीप स्थित प्राचीन जैनमन्दिर, शिखर टौरिया आदि इस बात के प्रमाण हैं कि लगभग ३०० वर्ष पूर्व छतरपुर नगर में जैन समाज पर्याप्त संख्या में थी तथा समृद्ध और प्रभावशाली रही हैं। यही कारण रहा है कि छतरपुर के जिनालयों में स्थापित समोशरण में मूर्ति प्रशस्तियों से छतरपुर में १४ पंचकल्याणक प्रतिष्ठायें सम्पन्न होने का उल्लेख ,मिलता है। काल के प्रभाव के कारण व्यापार की स्थिति खराब होने लगी होगी और यहाँ के अधिकांश धन सम्पन्न व्यक्ति अन्यत्र जाकर बस गये होंगे। आज भी यहाँ के पूर्व निवासी जबलपुर, अमरावति, सागर, नागपुर आदि बड़े बड़े नगरों में विद्यमान हैं। उस समय जैन समाज की संख्या कम होने के कारण कुछ मन्दिरों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से समोशरण उठाकर श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में विराजमान कर दिया। जिलाध्यक्ष कार्यालय के समीप स्थित प्राचीन जैन मन्दिर जिसमें वर्तमान में महाराजा क्लब है उसी परिस्थिति में खाली किया गया होगा। इस मन्दिर की वि० सं० १८३९ में प्रतिष्ठा की गयी थी। क्योंकि इसमें विराजमान विशाल समोशरण की मूर्तियों में वि० सं० १८३९ के प्रशस्ति लेख अंकित हैं। इसी तरह चैत्यालय जिसमें पहले तारणपंथी शास्त्र पूजा करते थे बाद में मूर्ति पूजक हो जाने के कारण वहाँ मूर्ति स्थापित की गई और वाद में चैत्यालय की हालत खराब होने के कारण वहाँ का भी सभी समोशरण वड़ा मन्दिर में स्थापित किया गया। वर्तमान में छतरपुर नगर में ५ विशाल जिनालयों में एवं डेरा पहाड़ी पर समोशरण विराजमान है।

छतरपुर में श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में समोशरण बहुत अधिक हैं क्योंकि यहाँ जिलाध्यक्ष कार्यालय के समीप स्थित प्राचीन जिनालय एवं चैत्यालय का भी समोशरण है। श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में २२६ जिन प्रतिमायें हैं जिनमें १८७ प्रतिमाओं में प्रशस्ति लेख हैं। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (चौधरी) में १५२ मूर्तियाँ हैं जिनमें १०१ में प्रशस्ति हैं। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (जोधावाई) में ३८ मूर्तियों में २४ मूर्तियों में प्रशस्ति, नया मन्दिर में ३५ मूर्तियों में २२ मूर्तियों में प्रशस्ति, पार्श्वनाथ मन्दिर हटवारा में १९ मूर्तियों में ८ में प्रशस्तियाँ तथा डेरा पहाड़ी पर ३ जिनालयों में ४ मूर्तियाँ स्थापित हैं सभी में प्रशस्तियाँ हैं। जिनमें २ प्राचीन खण्डित हैं परन्तु ११४९ की प्रशस्ति हैं। छतरपुर के जिनालयों में स्थापित मूर्तियों में ३४७ मूर्तियों में प्रशस्तियाँ हैं जिसमें छोटी पीतल की बहुत सी मूर्तियों में तो मात्र प्रतिष्ठा सम्बत् ही अंकित है। मूर्ति लेखों से पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है।

छतरपुर के जिनालयों में स्थापित जिनबिम्बों के लेखों से महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक सामग्री प्राप्त होती है। वि० सं० १०२५ से १९९६ तक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की प्रतिष्ठित मूर्तियाँ यहाँ विराजमान है। सं० १५४२, १५४८, १५४९, १५५२, १५५४ में प्रतिष्ठित अधिकांश मूर्तियाँ दक्षिण भारत में शाह जीवराज पापड़ीवाल द्वारा जिनचन्द्र भट्टारक के निर्देशन में प्रतिष्ठित मूर्तियाँ हैं। ये मुर्तियाँ भारत के प्राय: सभी जिन मन्दिरों में स्थापित हैं इससे यह पता चलता है कि जीवराजपापड़ीवाल ने कई हजार मूर्तियों का निर्माण कराकर उन्हें प्रतिष्ठित कराया है तथा भारत के प्राय: जिन मन्दिरों में विराजमान कराया है। इसके अलावा जो मूर्तियों के लेख हैं उनसे निश्चित ही महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती है।

यहाँ एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि जैन मूर्तिकला का धनी विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के विकाश की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जैनमूर्ति शिल्प, पुरातत्त्व एवं संस्कृति को प्रकाश में लाने के लिये संग्रहालय, पुस्तकालय की स्थापनाकर शोध संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र खजुराहो प्रबन्ध समिति की है। प्रशन्नता की बात है कि साहू जैन ट्रष्ट देहली के सहयोग से साहू शान्ति प्रसाद जैन कला संग्रहालय का निर्माण प्रारंभ हो गया है और वर्द्धमान पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना भी की जाचुकी है। मूर्तिलेखों का संकलन और अध्ययन इसी की एक प्रवृत्ति है और भविष्य में यहाँ से महत्त्वपूर्ण शोध सामग्री प्रकाशित की जावेगी।

प्रस्तुत प्रकाशन में छतपुर नगर के जिनालयों की मूर्ति प्रशस्ति लेखों का संकलन है। कालक्रम के अनुसार प्रशस्ति लेखों को रखा गया है। प्रशस्ति लेखों के साथ मूर्ति का आसन वर्ण का भी उल्लेख है। इस महत्त्वपूर्ण प्रकाशन का श्रेय श्री दिगम्बर जैन बड़ामन्दिर छतरपुर के व्यवस्थापक श्री सिंघई ज्ञान चन्द्र जी को है। जिन्होंने उदारतापूर्वक इस प्रकाशन के लिये श्री दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से प्रकाशित करने की स्वीकृति दी। यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि श्री दिगम्बर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन बड़ा मन्दिर छतरपुर की देखरेख और व्यवस्था का कार्य सिघर्य जी का परिवार ही लगभग ६० वर्ष से करता आ रहा है। इसके पूर्व श्री सि० दौलतराम जी व्यवस्था करते रहे हैं। उनके पश्चात् सिंघई ज्ञान चन्द्र जी यह तो वंश परम्परा के अनुसार व्यवस्था थी। संन् १९७५ में मैंने प्रयास कर जैन समाज छतरपुर का पंजीयन मध्य प्रदेश शासन फर्म्स एवं संस्थायें से कराकर यहाँ के सभी मन्दिरों की व्यवस्था जैन समाज छतरपुर के अन्तर्गत की जाने लगी और प्रति दो वर्ष में चुनाव पद्धति से व्यवस्थापकों का निर्वाचन किया जाने लगा। उस व्यवस्था के अन्तर्गत भी दिगम्बर जैन बड़ामन्दिर के व्यवस्थापक श्री सिघई ज्ञानचन्द जी वर्तमान में भी हैं। मैं उनकी इस साहित्य प्रकाशन की अभिरुचि की प्रशंसा करता हूँ।

मूर्ति लेखों की उपयोगिता तो जैन सिद्धान्त के विद्वान सिद्धान्ताचार्य माननीय पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्त शास्त्री वाराणसी की प्रस्तावना से प्रगट होगी। पूज्य पं० जी की ही प्रेरणा से निश्चित ही यह प्रकाशन भी संभव हो सका है। मूल प्रेरणास्त्रोत के साथ ही प्रस्तावना लिख कर पूज्य पं० जी ने इस पुस्तक की उपयोगिता को बढ़ायाहै निस्संदेह इसका सम्पूर्ण श्रेय पं० जी को ही है मैं तो एक निमित्त मात्र हूँ। प्रकाशन के लिये सुझाव एवं मार्ग दर्शन के लिये माननीय डॉ० दरबारी लाल जी कोठिया न्यायाचार्य वाराणसी, डॉ० प्रो० वीरेन्द्रकुमार जी संस्कृत विभाग महाराजा महाविद्यालय छतरपुर का मैं विशेष रूप से आभारी हूँ।

श्री शील चन्द्र जी एवं श्री ऋषभकुमार जी शास्त्री द्रोणगिरि का जिन्होंने मुझे इस कार्य में सहयोग किया है का आभारी हूँ। तारा प्रिंटिंग वर्क्स वाराणसी के मालिक श्री रमाशंकर जी पाण्डेय का मधुर व्यवहार एवं तत्परता से यह कार्य समय पर सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ इसके लिये वे स्वयं तथा उनके कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छतरपुर में श्री दिगम्बर जैन बड़ामन्दिर, चौधरी मन्दिर एवं जोधावाई मन्दिर में हस्तलिखित शास्त्रों का भी भण्डार है जिसमें अधिकांश जैन पूजापाठ संग्रह है कुछ शास्त्र भी हस्तलिखित हैं। भविष्य में उनकी सूची प्रकाशित करने का प्रयाश भी है।

प्रस्तुत प्रकाशन में सावधानी रखने पर भी त्रुटियाँ रह जाना असंभव नहीं जिसके लिये मैं क्षमा प्रार्थी हूँ तथा विद्वानों, मनीषियों, शोधार्थियों, इतिहास और संस्कृति के प्रेमी विद्वानों के लिये यह पुस्तिका समालोचनार्थ प्रस्तुत है। आशा है इसे समादर प्राप्त होगा और भावी प्रकाशन के लिये प्रोत्साहन मिलेगा इस आशा के साथ एक बार पुनः सहयोगियों के प्रति आभार मानता हुआ विराम लेता हूँ विज्ञेषु किम्।

श्रुतपंचमी
२७ जून १९८२
वी० नि० सं० २५०८

कमल कुमार जैन
सम्पादक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन इतिहास संस्कृति के स्रोत मूर्तिलेख

जैन इतिहास, संस्कृति के इतिहास के निर्माण में मूर्ति प्रशस्ति लेखों का महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इन मूर्ति लेखों से तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्थिति का पता चलता है। ये मूर्ति लेख वे लेख हैं जबमूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की क्रिया द्वारा देवत्त्व की स्थापना की जाती है उस समय मूर्ति प्रशस्ति अंकित की जाती है जिसमें प्रतिष्ठा सम्वत प्रतिष्ठा कारक, आम्नाय का उल्लेख तो रहता ही हैं राज्यवंशो का उल्लेख भी किया जाता है। कालान्तर में यही मूर्ति प्रशस्ति लेख इतिहास के जानने के साधन बनते हैं और इनसे किसी जाति, राजवंश, धर्म का क्रमबद्ध इतिहास बनाया जाता है। मूर्तिपूजा का प्रारंभ मिट्टी, बालू की मूर्तियों के निर्माण से प्रारंभ होती हैं और धीरे-धीरे जैसे-जैसे कला का विकाश होता जाता है वैसे वैसे पाषाण, धातुओं की मूर्तियों का निर्माण होना प्रारंभ होता है। पाषाण और धातुओं की मूर्तियां चूकि स्थायी होती थी अतः पाद-पीठ (आसन) में मूर्ति प्रतिष्ठा कारकों द्वारा लेख अंकित किये जाने लगे। प्रारंभ में जब इतिहास का लिखना प्रारंभ हुआ तो इसी प्रकार के मूर्ति शिलालेखों से महत्त्वपूर्ण जानकारियां हुई और इनके आधारपर इतिहास की रचना करने में इतिहासकारों को महत्त्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ। भारत वर्ष में प्रायः ये लेख जैन मूर्तियों में ही प्राप्त होते हैं। इन मूर्ति लेखों की बहुत लम्बी परम्परा हैं। छतरपुर जिले में जहां जहां भी जैन मन्दिर हैं उनमें स्थापित मूर्तियों में ये लेख पाये जाते हैं। श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि, रेशन्दीगिरि, श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्रखजुराहो में स्थापित प्रायः मूर्तियों में इस प्रकार की प्रशस्तियां अंकित हैं। मूर्तियों में अंकित ये प्रशस्ति लेख ९ वी. १० वी. शदी से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तो खूब मिलते हैं इसके पूर्व की मूर्तियों में कम लेख मिलते हैं। इससे यह अनुमान लगता है कि इसके पहले मूर्तियों की प्रतिष्ठा के समय लेख उत्कीर्ण करने की परम्परा नहीं होगी। छतरपुर के जिनालयों में स्थापित मूर्तियों में १० वी शदी से प्रशस्ति लेखों की परम्परा मिलती है।

मूर्ति लेखों के महत्त्व को ध्यान में रखते हुये छतरपुर नगर के ५ जिनालयों में स्थापित विशाल समोशरण की मूर्तियों के प्रशस्ति लेखों के संग्रह के आधार पर निम्न जानकारी प्राप्त होती है :—

आम्नाय

जैन मूर्तियों की प्रतिष्ठायें प्राय: किसी न किसी आम्नाय से होती हैं छतरपुर के जिनालयों तथा छतरपुर जिले के तीर्थंक्षेत्रों (द्रोणगिरि, रेशन्दीगिरि, खजुराहो)' में स्थापित सभी मूर्तियों की प्रतिष्ठायें कुन्द-कुन्दाचार्य के आम्नाय से की गई हैं। इसके साथ ही मूलसंघ, वलात्कार-गण सरस्वति गच्छ का उल्लेख प्राय: मूर्तियों के लेखों हैं। कुछ मूर्ति लेखों में काष्ठासंघ[1] का भी लेख है। काष्ठासंघ के साथ नन्दितट गच्छ, विधागण का भी उल्लेख है। न्यू जनगत गच्छ[2] का उल्लेख भी प्राप्त होता है। कुछ मूर्ति लेखों में देवसेन संघ[3] भी मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये भट्टारकों की आम्नाय से सम्बन्धित है।

जातियों का इतिहास

मूर्तिलेखों से जातियों के इतिहास पर भी प्रकाश पड़ता है। जातियों में वंश, मूर गोत्र आदि का उल्लेख मिलता है। अन्वय के रूप में मूर्ति लेखों में जातियों का ही उल्लेख होता है यथा गोलापूर्वान्वये,

---

१. देखिये मूर्ति लेख १२,२१,२०५।
२. देखिये मूर्ति लेख २८१।
३. देखिये मूर्ति लेख २६६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परवारान्वये, आग्रोत कान्वये, गोलाराज आदि गोलापूर्वान्वये से गोलापूर्वजाति परवारान्वये से परवार जाति, आग्रोतकान्वये से अग्रवाल गोलाराज से जाति गोलालारे का सम्वन्ध है। छतरपुर के जिनालयों में प्रायः उपरोक्त जातियों द्वारा प्रतिष्ठापित मूर्तियाँ है। वि. सं. ११४९ की डेरा पहाड़ी जैनमन्दिर में स्थापित प्राचीन जैनमूर्ति शान्तिनाथ सुपार्श्वनाथ की गोलापूर्वान्वय की हैं। चौधरी दिगम्बर जैन मन्दिर में स्थापित विशाल भगवान नेमिनाथ श्यामपाषाण को मूर्ति वि. सं. १२०२ की भी गोलापूर्वान्वय की हैं यह मूर्ति छत्तरपुर नगर से ७ किलोमीटर दूर जगत सागर तालाव के किनारे निर्मित जैनमन्दिर से लायीगई थी इससे यह पता चलता है कि पूर्व में यहाँ जैन समाज रही होगी वर्तमान में यहाँ कोई भी नहीं है। यहाँ प्रायः मूर्तिलेखों में अधिकतर परवारान्वय की मूर्तियाँ हैं इन मूर्तिलेखों में कई पीढ़ियों का उल्लेख भी मिलता है।

महिलाओं की स्थिति

मूर्ति प्रशस्ति लेखों में पुरुषों के साथ महिलाओं का भी नाम मिलता है इससे यह पता चलता है कि महिलायें धार्मिक प्रवृत्ति की तो पहले से ही रहीं हैं उन्हे धार्मिक कार्यों में समानदर्जा भी प्राप्त था, और मूर्ति स्थापना जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य उनके द्वारा सम्पन्न होते थे।

राजवंशों का उल्लेख

मूर्ति प्रतिष्ठा के समय प्रायः जिस राजा का राज्य होता था उसके लिखने की भी परम्परा थी इससे तत्कालीन राजवंशों के इतिहास उनकी धार्मिक सद्भावना का पता चलता है। इन मूर्तिलेखों में पाहल राजवंश, हमीरदेव, माड्र्यसिह, छत्रसाल आदि राजाओं का उल्लेख है।

भट्टारकों की परम्परा

छतरपुर के जिनालयों में स्थापित मूर्तियों के लेखों में भट्टारकों का नाम बहुत आया है। भट्टारकों का कार्य मूर्ति प्रतिष्ठायें शास्त्रों की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रचना करना आदि प्रमुख कार्य रहे हैं। वि० सं० १२०३ से १८३९ तक की प्रतिष्ठाओं में भट्टारकों के उल्लेख हैं और इसके आधारपर भट्टारकों की परम्परा का निर्धारण किया जा सकता है। मूर्तिलेखों में भट्टारकों की कई शिष्य परम्परा का उल्लेख हैं इसके साथ ही क्षुल्लिकाओं आर्यिकाओं का भी उल्लेख मूर्तिलेखों में हैं मूर्ति प्रशस्ति-लेखों में देवसेनसंघ, काष्ठासंघ गच्छ में सरस्वती गच्छ नन्दीतटगच्छ, न्यू जनगतगच्छ, तथा गणों में बलात्कारगण भट्टारकों की आम्नाप से सम्बन्धित है।

धार्मिक जागरूकता एवं सम्पन्नता

विशाल समोशरण इसबात के द्योतक हैं किपूर्व में धार्मिक जागरण था और समाजसम्पन्न थी। छतरपुर नगर में ही अकेले विभिन्न समयों में १४ वार पंचकल्याणक प्रतिष्ठाओं का उल्लेख मिलता हैं। ये प्रतिष्ठायें वि० सं० १८१८, १८३९, १८९९, १९००, १९०७, १९१४, १९१७, १९२८, १९३२, १९३७, १९३९, १९४३, १९७९, १९८०, में सम्पन्न हुई हैं। एक प्रतिष्ठा में कितना अधिक द्रव्य लगता हैं यह हम सभी जानते हैं फिर जहां १४-१४ प्रतिष्ठायें हो उसकी सम्पन्नता और वहां की धार्मिक भावना का कहनाही क्या है। निश्चितही वि० सं० १८१८ से वि० सं० १९८० तक का समय छतरपर नगर में जैन धर्म की प्रभावना और जैन समाज की सम्पन्नता का समय रहा है।

प्रतिष्ठाओं का समय

प्राय: जिन बिम्ब प्रतिष्ठाओं जैसे विशाल धार्मिक आयोजन शुभ मुहूर्त में ही होते हैं और प्राय: ये शुभ मुहूर्त माघ, फाल्गुन, वैशाख में ही होते हैं परन्तु यहां प्राप्त मूर्ति लेखों से यह बात निर्मूल हो गयी कि इन धार्मिक आयोज़नों के लिये भी मूहूर्त की प्रतीक्षा होती है धार्मिक आयोजन चूंकि शुभ आयोजन ही हैं अत: जब सम्पन्न हो तभी शुभ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूहुर्त है इसी से यहां की मूर्तियों के लेखों में आषाढ़, जेष्ठ, अगहन माह में प्रतिष्ठायें सम्पन्न हुई हैं इसका उल्लेख मिलता है।

विशेष दृष्टव्य

छतरपुर के जिनालयों में स्थापित मूर्तियों के लेखो से जहां महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती हैं वहां कुछ ऐसे भी उल्लेख मिलते हैं जिनका कहीं लेख नहीं है इसमें उसके सम्बन्ध में जाननेकी जिज्ञासा होना स्वाभाविक है।

कलशवर्ष

